प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव
रांची संस्करण
रविवार 09 मार्च 2025
● वर्ष 03 ● अंक 123
● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते
# श्रमबिन्दु
रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

37 वर्ष 1987-2024



डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021– 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88




झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता-2025 का समापन

## जीवन में खेलकूद की बड़ी अहमियत है: हेमंत सोरेन

### गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा रांची में आयोजित झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज इस समापन समारोह में गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल और परेड के माध्यम से बेहतर हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। शहर हो या सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगहों पर आपकी गतिविधियां निरंतर चलती रहती हैं। राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आम लोगों की सेवा में आप सभी लोग लगे रहते हैं।

**मुख्यमंत्री ने विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के अलग-अलग जिलों से इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आइजी रांची अखिलेश झा सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### खेलकूद से मनोबल बढ़ता है

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह एक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिता ही नहीं बल्कि आपके साथ-साथ पूरे संवर्ग के कर्मियों के लिए उत्साह और मनोबल बढ़ाने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस व्यस्ततम दिनचर्या में लोग अक्सर तनाव की स्थिति में जीवन व्यतीत करते हैं, परंतु ऐसे प्रतियोगिता अथवा कार्यक्रम के जरिए कम समय के लिए ही सही पर तनावमुक्त होकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं। खेलकूद का जीवन में बहुत अहमियत है। खेल, गीत, संगीत हर उम्र के व्यक्तियों के लिए जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के माध्यम से इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। आप सभी लोग एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर प्रतियोगिता का समापन कर रहे हैं, यह बहुत ही उत्साह, उमंग एवं खुशी की बात है।

## चैम्पयिंस ट्रॉफी का फईनल मुकाबला आज, भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगी कड़ी टक्कर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अबतक भारत जिस तरह से खेल रहा है, उससे रविवार को भी फाइनल में जीतने की पूरी उम्मीद है। इस प्रतियोगिता में भारत अबतक अजेय है। अंतिम विजय भीहमारी ही होगी, करोड़ों देशवासियों को यही उम्मीद है। लीग स्टेज में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को भी धोया था। ऐसे में उम्मीद है कि अब फाइनल में भी भारत कीवी टीम को जरूर मात देगी।

**बदला चुकाने का सुनहरा मौका**

आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में भारत और न्यूजीलैंड दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के मैदान में रविवार को भिड़ेंगी। भारत के पास 25 साल पहले का बदला चुकता करने का भी सुनहरा मौका है। साल 2000 में हुए खिताबी जंग में टीम इंडिया को कीवी टीम से हार का सामना करना पड़ा था। कल भी हमारी ही जीत होगी। फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड 25 साल बाद एक दूसरे से भिड़ रही।

**सानिया ने जीत का किया टोटका**

फाइनल मैच के लिए भारत की पूर्व टेनिस प्लेयर सानिया मिर्जा ने रोहित सेना को बिल्कुल देसी अंदाज में भारतीय टीम की नजर उतारते हुए फाइनल के लिए चीयर किया है। जीत की शुभकामनाएं दी। सानिया मिर्जा ने कहा, 'मैं टीम इंडिया को शुभकामनाएं देती हूं। मैं दुबई में ही हूं, लेकिन मैच देखने नहीं जा पायी। थू थू थू... वो जो भी कर रहे हैं बस करते रहे हैं। कल भी जीतें। भारत में कई बार किसी चीज को लेकर नजर ना लगे उसके लिए थू थू थू कर एक टोटका किया जाता है। ऐसे में जब सानिया ने टीम इंडिया के लिए टोटका किया तो वहां मौजूद सभी लोग हंसने लगे।

**फाइनल छप्पर फड़ कमाई**

इस बार फाइनल मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। आईसीसी भी इसके लिए कमर कस चुका है। इसी लिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की कुल प्राइज मनी 6.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 59.9 करोड़ रुपए) कर दी गयी है। 2017 में हुए पिछले संस्करण से 53 फीसदी अधिक है। जो टीम जीतेगी उसे छप्पर फड़ कमाई होगी।

**भारत प्रबल दावेदार**

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को प्रबल दावेदार बताया है। भारतीय टीम ने अपने सारे मैच दुबई में खेले और सभी जीतकर फाइनल में पहुंची है। सेमीफाइनल में भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया था। न्यूजीलैंड टीम ग्रुप ए में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रही थी जिसे भारत ने लीग चरण में हराया था।

## भारत में इसी माह से दौड़ेगी हाइड्रोजन ट्रेन, पर्यावरण संरक्षण में मिलेगी बड़ी सफलता



**नई दिल्ली।** भारत जल्द ही हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली अपनी पहली ट्रेन को पटरियों पर उतारने के लिए तैयार है। यह ट्रेन डीजल और बिजली के बिना दौड़ेगी और पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी पर आधारित होगी। इस नई तकनीक के साथ रेलवे का कार्बन फुटप्रिंट भी कम होगा। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस ट्रेन का पूरा डिजाइन और तकनीक भारत में ही विकसित की गई है। इसे चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) में तैयार किया जा रहा है और शुरुआत में इसे नॉर्दर्न रेलवे के दिल्ली डिवीजन में जींद-सोनीपत रूट पर चलाया जाएगा। सरकार लंबे समय से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही थी और अब यह सपना साकार होने के करीब है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह ट्रेन 31 मार्च तक संचालन में आ जाएगी। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो जाएगा, जो ग्रीन मोबिलिटी को अपनाने में आगे हैं। जर्मनी, फ्रांस, चीन और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों में पहले से हाइड्रोजन ट्रेनों का संचालन हो रहा है। रेल मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 35 हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित ट्रेनों के निर्माण के लिए 2,800 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था। इस ट्रेन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त होगी। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के मिश्रण से बिजली उत्पन्न कर यह ट्रेन दौड़ेगी, जिससे केवल जल वाष्प उत्सर्जित होगा।

## राष्ट्रपति से मिले राज्यपालः राज भवन द्वारा प्रकाशित "पत्रिका" की प्रति भेट की।



**नई दिल्ली :** माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज भारत की माननीया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी से राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की तथा राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

राज्यपाल महोदय ने इस अवसर पर राज भवन, राँची द्वारा प्रकाशित 'राज भवन पत्रिका' की प्रति राष्ट्रपति महोदया को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक राज भवन, झारखण्ड की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

## थोड़ा मेहनत कर सत्ता में लौट सकती है कांग्रेस : राहुल



**अहमदाबाद/नई दिल्ली/एजेन्सी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन दशक के गुजरात मॉडल को पूरी तरह से विफल करार देते हुए कहा है कि राज्य की जनता भाजपा से ऊब चुकी है और अब वह विकल्प चाहती है और कांग्रेस उन्हें आसानी से यह विकल्प दे सकती है।

गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शनिवार को कहा कि गुजरात में विपक्ष को 40 प्रतिशत वोट मिलते हैं। अगर कांग्रेस अपने वोट शेयर में सिर्फ पांच प्रतिशत की वृद्धि कर ले, तो राज्य में कांग्रेस की सरकार बन सकती है। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी तेलंगाना में 22 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाकर सरकार बना सकती है, तो वह गुजरात में भी पांच प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाकर सत्ता में वापसी कर सकती है। उन्होंने कहा कि गुजरात की रीढ़ की हड्डी छोटे तथा मध्यम व्यवसायी, किसान और मजदूर हैं तथा राज्य आगे बढना चाहता है, लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों के कारण बुरी तरह से प्रभावित है। गुजरात का विकास आज अटक गया है और उसे रास्ता नहीं दिख रहा है। हीरा उद्योग, वस्त्र उद्योग, सिरेमिक उद्योग से जुड़े लोग और प्रदेश के किसान कह रहे हैं कि उन्हें नया विजन चाहिए। पिछले 25 वर्षों से चल रही नीतियां पूरी तरह से विफल हो गई हैं। कांग्रेस पार्टी जनता को नया विजन दे सकती है, लेकिन इसके लिए पहले पार्टी के नेताओं को लोगों से जुड़ना होगा।

गांधी ने कहा कि गुजरात की राह से भाजपा को हटाना कांग्रेस के लिए बहुत कठिन नहीं है। गुजरात में पार्टी के नेताओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन सही नेतृत्व को सही स्थान पर लाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग भाजपा के साथ अंदरूनी तौर पर जुड़े हैं उन्हें पार्टी से निकालना पड़ा, तो निकाला जाएगा।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर 11 साल में '11 बड़े झूठ बोलने' का आरोप लगाया

**कलबुर्गी (कर्नाटक)/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश से ''झूठ'' बोलने का आरोप लगाया और



कहा कि उन्होंने 11 साल के अपने कार्यकाल के दौरान 11 बड़े झूठ बोले हैं। जेवरगी में कल्याण पथ परियोजना की शुरुआत के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरगे ने मोदी पर वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया। इस परियोजना का उद्देश्य कल्याण कर्नाटक के 38 ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों में 1,166 किलोमीटर सड़क बनाना है।

## आदिवासियों की संस्कृति को संरक्षित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत



### पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सरना पूजास्थल जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को 'बाहा पर्व' के अवसर पर जमशेदपुर के शास्त्रीनगर स्थित सरना पूजास्थल जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। इस मौके पर उनकी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन भी उनके साथ थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक संरक्षण के साथ-साथ बहुआयामी दृष्टिकोण पर आधारित मजबूती प्रदान की जा रही है। आज आदिवासी समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। आदिवासी सभ्यता और संस्कृति झारखंड की पहचान है। आदिवासी समाज ही प्रकृति का असली संरक्षक है।

इस मौके पर मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक मंगल कालिंदी, संजीव सरदार और विधायक सविता महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अलावा आदिवासी संथाल जाहेर थान समिति के संरक्षक लक्ष्मण टुडू, अध्यक्ष भुवा हांसदा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम कासके, सचिव पंचू हांसदा, महासचिव भीम समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डीजीपी नियुक्ति को लेकर बाबूलाल मरांडी ने हाई कोर्ट में किया पीआईएल

**रांची।** झारखंड में डीजीपी नियुक्ति को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री व झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। पीआईएल संख्या 1194/2025 में उन्होंने राज्य सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह विभाग की सचवि वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव व यूपीएससी के चेयरमैन को प्रतिवादी बनाया है। जानकारी के मुताबिक, बाबूलाल मरांडी ने 22 फरवरी को पीआईएल फाइल किया था। पांच मार्च को याचिका हाईकोर्ट में रजिस्टर हुई है। गौरतलब है कि झारखंड में डीजीपी नियुक्ति नियमावली को असंवैधानिक बताते हुए बाबूलाल मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट में भी अवमानना याचिका दायर की है।

## महिलाओं के विकास से ही झारखंड आगे बढ़ेगा: कल्पना



**रांची।** महिला दिवस पर अपने आवास पर महिलाओं को संबोधित करते हुए विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि महिलाओं के विकास के बिना विससित झारखंड संभव नहीं हो सकता। इन्होंने कहा कि यही कारण है कि सीएम हेमंत सोरेन सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने निरंतर प्रयास कर रही है। महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सीएम के नेतृत्व में महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है। दिन-प्रतिदिन झारखंड सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्य की महिलाओं के त्याग, संघर्ष और तकलीफ को राज्य सरकार ने करीब से देखा है। सीएम चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती रहे। राज्य सरकार महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है। सीएम चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती कल्पना ने महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं दी।

## हेमंत सरकार ने दी होली की सौगात, मंईयां के खाते में खटाखट जाने लगे 7500 रुपये

**रांची।** झारखंड की महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़ा तोहफा दिया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के बकाया 7500 रुपये महिलाओं के खातों में ट्रांसफर होने लगे हैं। यह राशि जनवरी, फरवरी और मार्च महीने की है। 6 जनवरी को दिसंबर महीने की 2500 रुपये की किस्त 56 लाख 61 हजार 791 महिलाओं को दी गयी थी। इस बीच कई महिलाओं के अपात्र होने की बात सामने आयी। इसके बाद जांच शुरू हुई। इस जांच में अब तक 43 लाख 85 हजार 357 महिलाएं ही पात्र पायीं गयीं। योजना की पात्रता पर भौतिक सत्यापन चल रहा है। अब तक 37,55,233 लाभुकों का बैंक खाता आधार से लिंक हो गया है। फिलहाल जिन महिलाओं का खाता आधार लिंक है, उन्हें राशि भेजी जा रही है। बाकी का भौतिक सत्यापन और आधार लिंक होने के बाद जायेगा।



# जमशेदपुर के नेशनल लोक अदालत में 249799 केस का निष्पादन, 6,09,96,453 रुपए की राजस्व हुई प्राप्ति

**जमशेदपुर।**

झालसा रांची के कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने राज्य में 8 मार्च शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत का ऑनलाईन उद्घाटन किया। मौके पर झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि पूरे भारत वर्ष में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में झारखण्ड राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों द्वारा 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने शनिवार को प्रातः 10.30 बजे झालसा रांची के प्रांगण में इसका विधिवत उद्घाटन कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया, जिसका ऑनलाइन प्रसारण जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के लोक अदालत हॉल में भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान झालसा एवं राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन भी किया गया। नेशनल लोक अदालत में 249799 केस का निष्पादन व 60996453 रुपए की राजस्व प्राप्ती हुई। जमशेदपुर सिविल कोर्ट में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में रिकार्ड कुल 2,49,799 मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान 6 करोड़ 9 लाख 96 हजार 453 रूपये की राजस्व की प्राप्ति हुई। मामलों के निष्पादन के लिए जमशेदपुर सिविल कोर्ट में न्यायिक पदाधिकारियों की 12 बेंच एवं घाटशिला अनुमंडल कोर्ट में कुल तीन बेंच का गठन किया गया था। नेशनल लोक अदालत में वाहन दुर्घटना, बीमा क्लेम से जुड़े एक मामले में ओरियंटल इंशयूरेंस कंपनी की ओर से पीड़ित पक्ष राज कुमार सिंह को 16 लाख 34 हजार 141 रुपए का चेक मुहैया कराया



गया। उक्त चेक प्रधान जिला जज माननीय अनिल कुमार मिश्रा द्वारा उन्हें सौंपा गया। नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश अजीत कुमार सिंह , स्टेट बार कौंसिल के वाईस प्रेसिडेंट राजेश शुक्ला, डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद, जिला बार संघ के अध्यक्ष आर एन दास, जिला बार संघ के महासचिव राजेश रंजन, बैंक ऑफ इंडिया के डीजीएम के एस बी चंद्रमौली, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी जेनरल मैनेजर देवेश मित्तल सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी गण मौजूद थे। सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया । वहीं मौके पर अपने संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय अनिल कुमार मिश्रा एवं स्टेट बार कौंसिल के वाईस प्रेसिडेंट राजेश कुमार शुक्ला ने उपस्थित पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय पाने का एक बेहतर मंच बताया। उन्होंने इसका अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने की अपील की। इससे पहले मंच पर मौजूद सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन भी किया गया। नेशनल लोक अदालत के साथ साथ व्यवहार न्यायालय कैम्पस व जज कोलनी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह भी मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में कोर्ट स्टाप, डालसा स्टाप, पैनल लॉयर्स, पीएलवी आदि की अहम भूमिका रही। नेशनल लोक अदालत में मध्यस्थता के तहत बिछड़े दंपती एक दूजे के हुए। जमशेदपुर में पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश की अदालत में पति पत्नी के बीच चल रहे एक वाद को मध्यस्थता के तहत नेशनल लोक अदालत में बिछड़े हुए दंपती को मिलाने का काम किया गया। उक्त दंपती का नाम शिला कुमारी व अभय अपूर्वा है । दोनों का विवाह दिनांक 11.11.2018 को राम मंदिर, टेल्को में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ था और बाद में उसी विवाह को दिनांक 27.02.2019 को विवाह प्रमाण पत्र संख्या 95/2019 के तहत विवाह अधिकारी, जमशेदपुर के समक्ष पंजीकृत भी किया गया था। उक्त दंपती शादी करने से पूर्व एक तलाकशुदा था और दूसरा विधुर था। उक्त विवाह दोनों परिवार के सदस्यों की सहमति के बाद तय किया गया था। लेकिन कुछ दिनों में ही पति पत्नी के बीच विवाद उत्पन्न हो गया और दानों अलग रह रहे थे और फैमिली कोर्ट में केस चल रहा था। इस नेशनल लोक अदालत में दोनों पति पत्नी आपसी मतभेद भूलकर एक साथ रहने का संकल्प लिया। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को माला पहनाया और मुंह मीठा किया।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए राज्यव्यापी टीकाकरण अभियान चलाने की मांग

**जमशेदपुर।**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के शून्यकाल में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने महिलाओं में तेजी से बढ़ते सर्वाइकल कैंसर को गंभीर स्वास्थ्य संकट बताते हुए राज्य सरकार से इस पर ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने पूरे राज्य में सघन टीकाकरण अभियान चलाने की अपील करते हुए कहा कि 9 से 14 वर्ष की बच्चियों का टीकाकरण कर इस जानलेवा बीमारी से बचाव संभव है। शुक्रवार को जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने सदन में जोर देते हुए कहा कि सर्वाइकल कैंसर दुनिया में महिलाओं के लिए दूसरा सबसे घातक कैंसर बन चुका है और



झारखंड में भी इसका खतरा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने जा रहे हैं और इससे बड़ा उपहार महिलाओं के लिए कुछ नहीं हो सकता कि सरकार उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम उठाए। राज्य की बेटियों के लिए इससे बड़ा उपहार कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जानकारी के अभाव और वैक्सीन की अधिक कीमत के कारण अधिकांश परिवार अपनी बच्चियों को यह सुरक्षा नहीं दिला पा रहे हैं। इसलिए सरकार को इस अभियान को निःशुल्क या किफायती बनाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। विधायक पूर्णिमा साहू ने सुझाव दिया कि सरकार निजी कंपनियों, औद्योगिक घरानों और सामाजिक संगठनों से (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी - ब्ë) के तहत सहयोग लेकर व्यापक स्तर पर यह टीकाकरण कार्यक्रम चला सकती है। इससे झारखंड की हर बालिका को यह सुरक्षा कवच मिल सकेगा और भविष्य में महिलाओं को इस गंभीर बीमारी से बचाया जा सकेगा। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार से त्वरित निर्णय लेकर राज्यव्यापी टीकाकरण अभियान शुरू करने की मांग की, ताकि झारखंड की बेटियां स्वस्थ रहें और उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से समय रहते सुरक्षित किया जा सके।

## बीआईटी मेसरा का सांस्कृतिक उत्सव बिटोत्सव 20 से 23 मार्च तक

**रांची।** बीआईटी मेसरा के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव बिटोत्सव 2025 के लिए थीम जारी किया गया हैं। बिटोत्सव 2025 का आयोजन 20से 23 मार्च तक होगा। बिटोत्सव 25 का विषय हस्ताक्षर महापुरुषों का उत्सव है ,जो इतिहास में अविस्मरणीय छाप छोड़ने वाले व्यक्तियों को श्रद्धांजलि है। यह महान दिमागों, दूरदर्शी और अग्रदूतों की विरासत का प्रतीक है। इसके अलावे बिटोत्सव 25 का सामाजिक विषय महानायकों की धरती झारखंड है, जो झारखंड की समृद्ध विरासत और इसके महान व्यक्तियों के लिए एक श्रद्धांजलि है। यह थीम राज्य के क्रांतिकारियों, योद्धाओं और नेताओं के योगदान को रेखांकित करती है जिन्होंने इतिहास को आकार दिया है। बिटोत्सव में लगभग 60 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, दिन की गतिविधियों में छात्रों को प्रदर्शन कला ,प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद और तकनीकी कौशल में प्रतिभा दिखने का मंच मिलेगा, जबकि रात के कार्यक्रमों में प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत उद्घाटन समारोह और हेरिटेज नाइट से होगी, जिसमें संगीत, नाटक और नृत्य में भारतीय शास्त्रीय कला रूपों का जश्न मनाया जाएगा। 21 मार्च को बैंड नाइट के साथ उत्साह बढ़ता रहेगा। जिसमें भारतीय संगीत उद्योग के उभरते इंडी बैंड शामिल होंगे। 22 मार्च को रॉक नाइट में शीर्ष रॉक एक्ट दिखाए जाएंगे, जो 23 मार्च को ग्रैंड फिनाले प्रो नाइट तक ले जाएगा।

## विधायक पूर्णिमा ने जरूरतमंद महिलाओं के बीच बांटी खाद्य सामग्री और साड़ियाँ




**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं अपने वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने शनिवार को किशोरी नगर (छायानगर) स्थित आश्रय गृह में जरूरतमंद महिलाओं के बीच खाद्य सामग्री, फल एवं साड़ियाँ वितरित किया। इस सेवा कार्य में उनके पति एवं समाजसेवी ललित दास भी सहभागी रहे। इस दौरान विधायक पूर्णिमा साहू एवं उनके पति ललित दास ने महिलाओं को सम्मानपूर्वक भोजन परोसा और उन्हें सप्रेम उपहार भेंटकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि हमें हर महिला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरसंभव सहयोग करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का दिन महिलाओं के सम्मान, अधिकार और गौरव को समर्पित है। आज अपने वैवाहिक वर्षगांठ पर मातृशक्ति के साथ खुशियाँ साझा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इन माताओं-बहनों की मुस्कान और उनका आशीर्वाद ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। वहीं, महिलाओं ने विधायक पूर्णिमा साहू और ललित दास को आशीर्वाद देते हुए इस नेक कार्य के लिए आभार जताया। इस अवसर पर स्थानीय महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

# बिस्टुपुर गोपाल मैदान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मागे महोत्सव का हुआ शुभारम्भ

**जमशेदपुर।**

जमशेदपुर मे जोहार ट्रस्ट एवं आदिवासी हो समाज महासभा पूर्वी सिंहभूम के तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मागे महोत्सव का आयोजन गोपाल मैदान में शुक्रवार की शाम से प्रारंभ हो गया। यह आयोजन 9 मार्च तक चलेगा। शुक्रवार को सबसे पहले आदिवासी हो समुदाय के प्रचलित रीति रिवाज और परंपरा से पूजा आर्चना की गयी । उसके बाद महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने किया। इस मौके पर चम्पाई सोरेन ने कहा कि इस तरह के मंच से हमारी संस्कृति को एक नई पहचान मिलती है। इसके लिए उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर विभिन्न प्रदेशों से महासभा के पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित







थे। इस महोत्सव में हो समाज की परंपरा एवं संस्कृति की झलक दिखाई पड़ी। मागे नृत्य ने ऐसा समां बांधा कि महोत्सव में शामिल हजारों लोग झूमने पर मजबूर हो गए। तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, महाराष्ट्र समेत 11 राज्यों के प्रतिनिधि व नृत्य दल पहुंचे हैं। इस सांस्कृतिक महोत्सव में देश भर से विभिन्न आदिवासी समुदायों के कलाकार भाग लेंगे और पारंपरिक गीत, संगीत, नृत्य एवं खेलकूद के साथ-साथ रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। राष्ट्रीय मागे महोत्सव की प्रतियोगिता में कुल पुरस्कार राशि दो लाख ग्यारह हज़ार रूपए है। विजेताओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ-साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य एवं योगदान करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को जोहार संस्था की ओर से सम्मानित किया गया. राष्ट्रीय मागे महोत्सव आयोजन मुख्य उद्देश्य है कि हो समुदाय की सांस्कृतिक विरासत एवं पहचान को संरक्षित कर हो संस्कृति, परंपरा, दर्शन, नृत्य, कला, भाषा, लिपि साहित्य, गीत एवं संगीत के प्रति हो समुदाय के लोगों में सांस्कृतिक गौरव, सांस्कृतिक चेतना एवं सांस्कृतिक गरिमा की भावना को जागृत करना है। इस मागे महोत्सव दूसरा उद्देश्य यह है विभिन्न आदिवासी समुदायों में सामाजिक एकता एवं मैत्री को बढ़ावा देना है।

# करीम सिटी कॉलेज ने सांस्कृतिक उत्सवों और विचारोत्तेजक भाषणों के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**जमशेदपुर।**

करीम सिटी कॉलेज ने महिला सेल द्वारा आयोजित एक जीवंत और सार्थक कार्यक्रम के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। जिसमें महिलाओं की ताकत, उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करने के लिए छात्र, संकाय और सम्मानित अतिथि एक साथ आए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमटीएमसी.के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की प्रोफेसर डॉ. जरीना बेगम और कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रेयाज की गरिमामयी उपस्थिति के साथ महिला सेल समन्वयक डॉ. कौसर तस्नीम ने भाग लिया। उनके प्रेरक भाषणों ने महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और



सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया, और छात्रों से अधिक समावेशी समाज की दिशा में सक्रिय रूप से योगदान देने का आग्रह किया। इस समारोह में कई आकर्षक प्रदर्शन हुए, जिसकी शुरुआत अद्रिजा मलिक द्वारा खूबसूरती से कोरियोग्राफ किए गए स्वागत नृत्य से हुई, जिसने कार्यक्रम के लिए एक सुंदर स्वर तैयार किया। सोनल कुमारी की भावपूर्ण कविता ने दर्शकों को झंकृत कर दिया, जिसमें महिलाओं के संघर्ष और विजय को उजागर किया गया, जबकि सुजाता भद्रा के भावपूर्ण गीत ने इस अवसर को और भी भावनात्मक बना दिया। रौनक रोशन की स्टैंड-अप कॉमेडी ने दर्शकों का मनोरंजन किया, जिससे हॉल में हंसी की लहर दौड़ गई। इस कॉमेडी ने रोज़मर्रा की लैंगिक गतिशीलता पर एक हल्का-फुल्का लेकिन प्रभावशाली दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन आयुषवंत शर्मा और स्नेहा शर्मा ने उत्साह और व्यावसायिकता के साथ किया, जिन्होंने कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाना सुनिश्चित किया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह था, जहाँ विभिन्न प्रतियोगिताओं- निबंध लेखन, कविता, बिना आग के खाना बनाना, कॉमिक स्क्रिप्टिंग और स्टैंड-अप कॉमेडी के विजेताओं को उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता के लिए सम्मानित किया गया। महिला दिवस से पहले आयोजित इन प्रतियोगिताओं ने छात्रों को अपने विचार व्यक्त करने और अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया। डॉ. जरीना बेगम, डॉ. कौसर तस्नीम और डॉ. मोहम्मद रियाज के भाषणों ने लैंगिक समानता और महिला स्वास्थ्य के महत्व को मजबूत किया, जिससे युवा दिमागों को सकारात्मक सामाजिक बदलाव की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डॉ. कौसर तस्नीम और करीम सिटी कॉलेज की महिला सेल के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम एक शानदार सफलता थी। इसने न केवल महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाया, बल्कि सशक्तिकरण, जागरूकता और अधिक न्यायसंगत भविष्य को आकार देने में शिक्षा की भूमिका के बारे में सार्थक बातचीत को भी बढ़ावा दिया। महिला दिवस की भावना को वास्तव में जीवंत किया गया, जिसने उपस्थित सभी लोगों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा।

न्यूज़ अपडेट

## साकची में पप्पू सरदार ने महिला सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिनेतारिका माधुरी दीक्षित के प्रशंसक एंव शहर के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर पप्पू सरदार ने साकची बाजार के डालडा लाइन में सफाई कर्मी महिलाओं के साथ इस खास दिन को मनाया। कार्यक्रम में महिलाओं ने केक काटा और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। साथ ही महिला सफाई कर्मियों ने हाथों में गुब्बारे लेकर अपनी खुशी जाहिर की और एक-दूसरे को केक खिलाकर उत्सव का आनंद लिया। महिला सफाई कर्मियों ने नृत्य भी किया। इस मौके पर पप्पू ने उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। पप्पू ने कहा कि महिलाएं माँ, बहन और पत्नी के रूप में परिवार का आधार होती हैं और कामकाजी महिलाएं घर और रोजगार दोनों संभालती हैं। उन्होंने सभी से महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की अपील की। इस कार्यक्रम ने स्वच्छता कर्मियों के महत्वपूर्ण योगदान को सराहते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

## एसएसजी इंग्लिश स्कूल में महिला दिवस पर साक्षरता कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर।** श्री साकची गुजराती (एसएसजी) इंग्लिश स्कूल के सभागार में शनिवार 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर टाटा समूह की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत महिला साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य वंचित और अशिक्षित महिलाओं को बुनियादी शिक्षा प्रदान करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना तथा डिजिटल साक्षरता और ऑनलाइन सेवाओं के उपयोग की जानकारी देना था। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मौसमी, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में महिला अभिभावक उपस्थित रहीं। प्रशिक्षक अंकित कुमार ने महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी और उन्हें शिक्षा व तकनीकी ज्ञान के महत्व से अवगत कराया। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

## एनएसएस इकाई ने महिला कर्मचारियों में बांटे सेनेटरी पैड

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा शपथ ग्रहण किया गया। जिसमें कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहम्मद रियाज सर, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर अली, एनएसएस कोऑर्डिनेटर सैयद साजिद परवेज, वूमेन सेल की डॉ कौसर तसनीम और एनएसएस वालंटियर उपस्थित थे। इस अवसर पर सेनेटरी पैड महिला कर्मचारी में वितरीत किया गया। हर महिला को एक समान समझा जाए, हर महिला को एक समान अधिकार दिया जाए, हर महिला को सशक्त और आत्मनिर्भर होना चाहिए इसलिए अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक पहल किया गया।

## मीशो ने रिलैक्सो, पैरागन और लिबर्टी के साथ फुटवियर श्रेणी का किया विस्तार

**रांची।** भारत के टू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने अपने प्लेटफॉर्म पर प्रमुख ब्रांड्स रिलैक्सो, पैरागन और लिबर्टी को पेश कर फुटवियर श्रेणी को और मजबूत किया है। इस कदम से लाखों खरीदारों को विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले ब्रांड्स तक आसान पहुंच मिलेगी। खासतौर पर टियर-2 और टियर-3 बाजारों में बढ़ती मांग को देखते हुए मीशो ने यह पहल की है, जिससे शॉपर्स को कम्फर्ट और ड्यूरेबिलिटी वाले फुटवियर मिल सकें। मीशो पर इन ब्रांड्स के लॉन्च के बाद बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिलैक्सो और पैरागन की मांग में 2.5 गुना, जबकि लिबर्टी की मांग में 2 गुना इजाफा दर्ज किया गया है। खासकर महवा, भाटापारा, सुपौल और नुज़विद जैसे टियर-3 शहरों में फ्लिप-फ्लॉप्स, कैज़ुअल, स्पोर्ट्स और फॉर्मल फुटवियर की मांग तेजी से बढ़ रही है। मीशो लगातार अपने मॉल सेक्शन को विस्तारित कर ग्राहकों की जरूरतों और बदलती शॉपिंग आदतों को समझ रहा है। रिलैक्सो, पैरागन और लिबर्टी जैसे ब्रांड्स भी मीशो के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं और भारत के तेजी से बढ़ते बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## केसीसी मानगो में करियर इन साइकोलॉजी पर कार्यशाला आयोजित

**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज (मानगो कैंपस) के मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसका विषय था- करियर इन साइकोलॉजी। मुख्य वक्ता के रूप में करीम सिटी कॉलेज मनोविज्ञान स्नातकोत्तर विभाग साकची के अध्यक्ष डॉ फिरोज इब्राहीमी तथा प्रोफेसर एवं प्रसिद्ध काउंसलर डॉ जकी अख्तर आमंत्रित थे। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में कैंपस के इंचार्ज डॉ अनवर अली ने अतिथि वक्ताओं तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। डॉ फिरोज इब्राहिमी ने मनोविज्ञान के विस्तृत क्षेत्र तथा इसके भविष्य पर विस्तार पूर्वक अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि मनोविज्ञान एक बहुत ही रोचक विषय है जिसका उपयोग जीवन के हर कदम पर हर व्यक्ति करना चाहता है। डॉ जकी अख्तर ने मनोविज्ञान में विस्तृत संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यह एक ऐसा विषय है जिसको लेकर जीवन के किसी क्षेत्र में भी आप अपना कैरियर तलाश कर सकते हैं- चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, खेल का मैदान हो या चिकित्सा जगत हो। इस समय यह महसूस किया जा रहा है कि जीवन के हर विभाग में गाइडेंस एंड काउंसलिंग की आवश्यकता है। मानगो कैंपस मनोविज्ञान के प्राध्यापक डॉ महफूज आलम ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने भी अपने संचालन के दौरान मनोविज्ञान का मानव जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ एसपी पण्डा तथा मोहम्मद सज्जाद के अलावा कई शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल होकर लाभान्वित हुए।

## न्यूज़ अपडेट

### झारखंड में मार्च माह से ही गर्मी रौद्र रूप दिखायेगी

**एजेंसी : रांची**। झारखंड में मार्च माह से ही गर्मी रौद्र रूप दिखायेगी। माह के अंत से रांची सहित अधिकांश जिलों में तापमान चार से पांच डिग्री की वृद्धि होगी। इससे रांची में तापमान बढ़कर लगभग 37-38 डिग्री हो जाएगा, जबकि गर्मी अभी तीन माह बाकी है। वहीं शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। सुबह में ठंड का एहसास हुआ, जबकि दोपहर में गर्मी का एहसास हुआ। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री, जमशेदपुर में 32.9, डालटेनगंज में 33.2, बोकारो में अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री, चाईबासा 34.8, देवघर 30.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### देशी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार




**एजेंसी : रांची : हजारीबाग**। कोर्रा थाना पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टा और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम मनीष कुमार साव बताया गया है। कोर्रा थाना प्रभारी महेश कुमार पासवान ने शनिवार को बताया कि पुलिस को गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि एक युवक कनहरी हिल रोड पर पार्किंग को लेकर देशी कट्टा के साथ रंगदारी मांग रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को पकड़ लिया। युवक के पास से पुलिस ने एक यामहा एफजेड बाइक, देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस बरामद किया है। युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया।

### झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से की शिष्टाचार भेंट



**एजेंसी : रांची**। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल गंगवार ने इस अवसर पर राज भवन की ओर से प्रकाशित 'राज भवन पत्रिका' की प्रति राष्ट्रपति को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक झारखंड राजभवन की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

### राधा- कृष्ण मंदिर में होली मिलन समारोह 10 को



**एजेंसी : रांची**। कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में पुंदाग स्थित श्री राधा- कृष्ण मंदिर में 10 मार्च को होली मिलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शनिवार को बताया कि संत स्वामी सदानन्द महाराज के आने के बाद वृंदावन की होली के तर्ज पर होली मिलन महोत्सव का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम के परिसर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के हॉल में दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक गुरु महाराज के सानिध्य में फूलों की होली और अबीर गुलाल की होली खेली जायेगी।

**इस अवसर पर श्री राधा- कृष्ण का भव्य श्रृंगार, भजन-कीर्तन किया जाएगा**-कार्यक्रम समापन के बाद सदानंद महाराज शिष्यों और आये हुए भक्तों के बीच प्रसाद वितरण करेंगे आशीर्वाद प्रदान करेंगे। संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने बताया कि होली मिलन महोत्सव में अल्पाहार और ठंडई की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी कृष्ण भक्तों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### व्यवसायी के घर लाखों की डकैती

**एजेंसी : रांची : गिरिडीह**। जिले के जमुआ थाना इलाके में नकाबपोश अपराधियों ने किराना व्यापारी के घर पर धावा बोलकर डकैती की घटना को अंजाम दिया है।घटना को लेकर बताया कि शुक्रवार की देर रात लगभग दो बजे शटर तोड़कर अपराधी पहले किराने की दुकान में घुसे फिर घर के अंदर जाकर परिवार के लोगों को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया । बताया गया कि छह से सात की संख्या में आए सभी ने नकाब पहन रखा था। इस दौरान लगभग आधा घंटा में आठ लाख नगद और 12 लाख के जेवरात की लूट कर चलते बने । व्यवसायी मनोज कुमार ने बताया कि रात में जैसे ही अपराधी उसके घर के अंदर दाखिल हुए तो पूरे परिवार को कब्जे में ले लिया। हाथ में देसी कट्टा और लोहे की रॉड था । अपराधियों ने परिवार को मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। फिर नगदी और जेवरात लूट कर फरार हो गए । घटना की सूचना पर जमुआ थाना पुलिस पहुंची और पूरी घटना की जानकारी ली। जमुआ में किराना व्यवसायी के घर डकैती मामले में खोरी महुआ एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद ने शनिवार को कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गई है । शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा ।

### हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं महिलाएं : डॉ. रंजना



**एजेंसी : रांची**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फाउंडेशन फॉर बेटरमेंट ऑफ ह्यूमनकाइंड और जनशिक्षण संस्थान, रांची के सहयोग से शनिवार को आरोग्य भवन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में संस्था की प्रमुख डॉ. रंजना चौधरी ने कहा कि समय बदल रहा है और महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। उन्होंने महिलाओं को स्वावलंबी बनने और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं के लिए कई कौशल विकास योजनाएं चला रही हैं, जिनका सभी को लाभ लेना चाहिए।इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही रानी मिस्त्री के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक निखलेश मैती, कृती सिंह, उषा, सुदिप्ता, राखी भगत, रूमी कुमारी, और अमृता कुमारी ने भी अपने विचार साझा किए।

**महिलाएं सरकारी योजनाओं का उठाएं लाभः रंजना**-इसी कड़ी में फाउन्डेशन फॉर बेटरमेंट ऑफ ह्यूमनकाईन्ड एवं जनशिक्षण संस्थान, रांची के सहयोग से रांची के बाडू पंचायत के बुकरू गांव में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और संस्था की निदेशक रंजना चौधरी ने कहा कि अब महिलाएं हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं। फाइटर प्लेन भी अब उड़ा रही हैं। गांवों की महिलाएं भी सशक्त हो रही हैं। महिलाओं के लिए सरकार बहुत सारी योजनाएं चला रही हैं, उनका लाभ लेने की जरूरत है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए निजी संगठनों के साथ-साथ समाज को भी आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बडौदा के मैनेजर, बाडू पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, ग्राम संगठन की अध्यक्ष पुनीता कुजूर, जेएसएलपी की सीसी दी बिरसमुनी देवी, वार्ड सदस्य इन्द्रजीत मित्रा उपस्थित थे।

# महिला समूहों को दिलायेंगे दो लाख तक की सहायता : सांसद

**एजेंसी : रांची**



शंखधारा महिला विकास मंडल लोहरदगा कुड़ू के तत्वावधान में महिला दिवस के मौके पर शनिवार को प्रखंड के नावाटोली मैदान में महिला महाअधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए।मौके पर सांसद ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य की महागठबंधन सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन लगातार प्रयासरत हैं। महिलाओं को स्वावलंबी तथा सशक्तिकरण किये बगैर समाज, राज्य तथा देश के विकास की बात करना बेमानी है। महिलाएं पुरूषों की तुलना में अधिक काम करती हैं। महिलाओं में श्रम शक्ति अधिक होती है। डायन बिसाही कुछ नहीं होता है। डायन कहकर महिलाओं को प्रताड़ित करना सभ्य समाज के लिए ठीक नहीं हैं, लाचार महिलाओं को अंधविश्वास के कारण प्रताड़ित करना अपराध है। शराब और नशा समाज के लिए ठीक नहीं, नशा से दूर रहने की जरूरत हैं। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि बच्चों को पढ़ाये। इससे समाज आगे बढ़ेगा। सांसद ने कहा कि महिला समूह को स्वरोजगार के लिए दो लाख तक सहायता दिलायी जायेगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं सभी काम कर सकती हैं इसलिए वे सेल्फ - हेल्फ बनें। मौके पर शंखधारा महिला विकास मंडल की अध्यक्ष बालवती देवी ने बताया कि कुड़ू प्रखंड के 14 गांवों के 52 महिला समूह का गठन करते हुए शंखधारा महिला विकास मंडल का शुभारंभ किया गया था। अब प्रखंड के 64 गांवों में 1108 महिला समूहों का संचालन हो रहा है। मौके पर कई महिलाएं मौजूद थीं।

## आरपीएफ ने बीयर के साथ एक आरोपित को किया गिरफ्तार

**एजेंसी : रांची**



रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से बीयर बरामद किया है। उपनिरीक्षक सुरज पांडे ने शनिवार को बताया कि रांची मंडल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर लगातार ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ की ओर से स्टेशनों पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में आरपीएफ ने रांची स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान एक व्यक्ति को काले रंग के बैग के साथ खड़ा देखा गया। संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी बैग की तलाशी ली गई। उसकी बैग से कुल 24 किंगफिशर बीयर बरामद हुए। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अशिष रंजन बताया। वह बिहार के पटना का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने यह शराब रांची से खरीदी थी और ट्रेन संख्या 18624 बिहार जा रहा था इसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को जब्त बीयर और गिरफ्तार व्यक्ति को सौंप दिया गया।

## गुड गवर्नेंस और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका : उपायुक्त

**एजेंसी : रांची**



**पलामू**। ग्रामीण विकास विभाग के पलाश-झारखंड लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-सह-फूलो झानों आशीर्वाद सम्मेलन डालटनगंज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन में शनिवार को किया गया। मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के लिए भेजे गए संदेश पढ़कर सुनाया, जबकि पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने शपथ दिलाई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की ओर से समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। महिलाएं हम सभी के लिए खास हैं। प्रत्येक घरों में महिलाओं के संघर्ष की अपनी-अपनी कहानी है। इसमें महिलाओं का विशेष स्थान होता है, जो परिवार को संभालकर चलती हैं। गुड गवर्नेंस और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका है। उपायुक्त ने महिला उत्थान के लिए जिले में चलायी जा रही सभी योजनाओं की जानकारी दी। उपायुक्त ने महिलाओं की ओर से पूछे गए प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा शांत की। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि महिला होना गर्व की बात है। विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की ओर से भी महिलाओं का काफी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से अबतक जो नहीं जुड़ पाई हैं, उन्हें भी जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान में पुरूषों की भी भागीदारी होनी चाहिए। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि महिलाओं का तीव्र गति से विकास हो रहा है। जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने कहा कि सरकार की ओर से महिलाओं को विभिन्न क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है। जिले में 18990 समूह से जुड़कर महिलाएं अपने अपने सपनों को पंख दे रही हैं। मुख्यमंत्री की ओर से शराब बिक्री के कार्य में जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक वैकल्कि स्वरोजगार से जोड़ने के लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना की शुरूआत की गई है। इसके तहत वैसी महिलाओं को 50 हजार रूपये तक एक साथ ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान है। पलामू में 602 महिलाएं इसका लाभ ले रही हैं।

## एनटीपीसी के डीजीएम की गोली मारकर हत्या, तीन संदिग्ध हिरासत में

**एजेंसी : रांची**

**हजारीबाग**। एनटीपीसी कोल परियोजना के केरेडारी में डिस्पैच डिपार्टमेंट के डीजीएम पद पर कार्यरत गौरव कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी गई। शनिवार को वे अपने घर से हजारीबाग से ऑफिस के लिए निकले थे। उनकी गाड़ी जैसे ही हजारीबाग के फतहा चौक के पास पहुंची बाइक सवार अपराधियों ने गाड़ी ओवरटेक कर उन्हें गोली मार दी। वे ऑफिस की स्कॉर्पियो में सवार थे। गाड़ी में उनके अलावा दो और लोग बैठे थे। आनन-फानन में उन्हें पास के ही आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक गौरव बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले थे।घटना की जानकारी मिलते ही डीजीएम के बड़े पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अस्पताल में जिले के तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद थे। मामले को लेकर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। चर्चा इस बात भी हो रही है इलाके में लेवी को लेकर आए दिन माइनिंग कंपनियां और उसके कर्मी अपराधियों की रडार पर रहते हैं। इससे पहले भी आउटसोर्सिंग कंपनी के जीएम की हत्या लेवी के लिए अपराधियों ने कर दी थी। इस घटना की वजह भी लेवी से ही जोड़कर देखा जा रहा है। क्योंकि कुमार गौरव पर ही कोयला डिस्पैच की जिम्मेदारी थी। वहीं कुमार गौरव की गाड़ी में ड्राइवर और एक और कर्मी साथ था। कुमार गौरव पीछे की सीट पर बैठे हुए थे। गोली सीधे कुमार गौरव को लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। उनकी गाड़ी से उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने अमृत घोषित कर दिया।यह घटना आग की तरह पूरे हजारीबाग में फैल गई। एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने पूरी घटना की जानकारी ली। वहीं जिले के एसपी अरविंद कुमार सिंह अस्पताल में जानकारी प्राप्त कर घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। मौके पर उन्होंने बताया कि पुलिस तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं अस्पताल परिसर में जिले भर के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बाद एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने कहा कि घटना कैसे हुई है यह जांच का विषय है। घटना ने सुरक्षा पर अवश्य सवाल खड़ा कर दिया है।उन्होंने कहा कि घटना के बाद परिवार के लिए क्या कर सकते हैं यह बेहद जरूरी है। जिस तरह से अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है यह कई सवाल जरूर खड़ा कर रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि अभी सबसे बड़ी बात यही है कि कंपनी ने एक होनहार पदाधिकारी को खो दिया। जो भारत सरकार के लिए काम कर रहा था।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक कल्पना सोरेन ने महिलाओं को दी शुभकामनाएं

**एजेंसी : रांची**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को विभिन्न महिला समूहों की सदस्याएं कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में विधायक कल्पना सोरेन से मिलीं। इस दौरान विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य की समस्त महिलाओं को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनकी मांगों एवं भावनाओं को ज्ञापन के माध्यम से सुना। विधायक कल्पना सोरेन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही महिलाओं के बैंक खातों में "मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" की राशि भेजी जाएगी। विधायक कहा कि राज्य में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य की महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि दिन-प्रतिदिन झारखंड सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्य की महिलाओं के त्याग, संघर्ष और तकलीफ को राज्य सरकार ने करीब से देखा है। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती रहे। राज्य सरकार महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है, सभी को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान किया जा रहा है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक संवेदनशील और मजबूत सरकार के गठन में आप सभी महिलाओं का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है। राज्य की महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में सम्मान देते हुए आपकी अपनी अबुआ सरकार आगे बढ़ रही है। विधायक ने सभी महिलाओं को पुनः एक बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित विभिन्न समूह की महिलाओं ने भी विधायक कल्पना सोरेन के प्रति आभार जताया। महिलाओं ने विधायक कल्पना सोरेन से कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से यहां की नारी शक्ति के कल्याणार्थ किए जा रहे कार्य काफी प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। झारखंड की महिलाओं के प्रति राज्य सरकार का संवेदनशील और कृत संकल्पित प्रयास देशभर में अनुकरणीय बना है। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने विधायक कल्पना सोरेन को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक अमित महतो भी उपस्थित थे।

## सेल ने अपनी पहली ग्रीन बिल्डिंग का किया अनावरण

**एजेंसी : रांची**



सेल के आंतरिक सलाहकार, सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) ने, भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल की ओर से प्रमाणित सेल की पहली ग्रीन बिल्डिंग का अनावरण अमरेंदु प्रकाश ने शनिवार को सेटेलाइट कॉलोनी में किया। इसमें सेल बोर्ड के निदेशकों वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (मार्केटिंग), ऐके तुलसियानी, निदेशक (वित्त), केके सिंह, निदेशक (कार्मिक), बीके तिवारी, निदेशक प्रभारी (बोकारो), एमआर गुप्ता निदेशक (तकनीकी, परियोजना और कच्चा माल) समेत की उपस्थिति रही।

**कार्यक्रम की मेजबानी सीईटी के ईडी श्रवण कुमार वर्मा ने की**-सेल सैटेलाइट टाउनशिप, रांची में स्थित 30 वर्ष पुराने इस्पात एग्जीक्यूटिव हॉस्टल (आईच) को कार्बन फुटप्रिंट कम करने के लिए पुनर्निर्मित किया गया है, जो पर्यावरण पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए सेल के समर्पण को दर्शाता है। बिल्डिंग की नई डिजाइन और विशेषताएं उच्चतम ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन को सुनिश्चित करती है। मौके पर सेल के अनूप कुमार, ईडी (सुरक्षा), वेदप्रकाश, ईडी (डिजिटल) और संदीप कर, ईडी (आरडीसीआईएस) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

## एनटीपीसी डीजीएम हत्याकांड पर बाबूलाल मरांडी का हमला, कहा - हेमंत सरकार ने अपराधियों के हौसले बढ़ाए

**एजेंसी : रांची**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर अपराध नियंत्रण को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने हजारीबाग में एनटीपीसी कोयला परियोजना के डीजीएम की गोली मारकर हत्या की घटना को स्तब्ध करने वाला बताया। शनिवार को अपने बयान में मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भड़काऊ बयानों के चलते कोयला कारोबार प्रभावित हो रहा है और अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सात मार्च को रांची में एक कोयला कारोबारी पर जानलेवा हमला हुआ।मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने अपराधियों को उकसाकर कोयला कारोबार में खूनी संघर्ष की स्थिति पैदा कर दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि कोयले के काले कारोबार में न जाने कितने निर्दोष लोगों की जान जाएगी।उन्होंने दावा किया कि झारखंड के धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग और चतरा में प्रतिदिन हजारों ट्रक कोयले की चोरी सरकारी तंत्र के संरक्षण में हो रही है। इस अवैध कारोबार से वसूली का पैसा नीचे से ऊपर तक बंटता है। यदि इस चोरी पर रोक नहीं लगी, तो हत्याएं और अपराध इसी तरह जारी रहेंगे।मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कोयला चोरी पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर कार्रवाई के लिए एसआईटी बनाना अच्छी पहल है, लेकिन इसे ईमानदार अधिकारियों के नेतृत्व में संचालित किया जाना चाहिए। जब तक रक्षक ही भक्षक बने रहेंगे, तब तक कोयला चोरी और उससे जुड़े अपराधों पर लगाम लगाना संभव नहीं होगा। उन्होंने राज्य के डीजीपी से भी आग्रह किया कि कोयला कारोबार के सुरक्षित संचालन के लिए सभी परियोजना अधिकारियों, कर्मचारियों और व्यवसायियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने दी शुभकामनाएं







**एजेंसी : रांची**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुभकामनाएं दी हैं।राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "नारी शक्ति सिर्फ सृजन नहीं, बल्कि अटूट संकल्प, प्रेम और प्रेरणा की मूर्ति है। आइए, हम सभी संकल्प लें कि महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और सशक्तिकरण प्रदान करने की दिशा में कार्य करेंगे।" मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, "जब आधी आबादी सशक्त होती है तो पूरा समाज समृद्ध हो जाता है। अबुआ सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाओं के जरिए राज्य की मां, बहन, बेटियों को मजबूत करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। हमारा संकल्प केवल योजनाओं का लाभ देना नहीं, बल्कि महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है।"भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, "नारी तू नारायणी। महिलाओं की सहभागिता और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।"अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन प्रमुख नेताओं ने महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण का संकल्प दोहराया।

श्रमबिन्दु

## सुविचार

**उड़ने में बुराई नहीं है, आप भी उड़ें..लेकिन उतना ही जहाँ से जमीन साफ़ दिखाई देती हो।**

## ट्वीट

आज यहां गुजरात सफल और गुजरात मैत्री, इन दो योजनाओं का शुभारंभ भी हुआ है। अनेक योजनाओं के पैसे भी महिलाओं के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। मैं इसके लिए भी आप सभी को बधाई देता हूं। आज का दिन महिलाओं को समर्पित है।

**-नरेन्द्र मोदी**



त्याग एवं बलिदान की साक्षात प्रतिमूर्ति मां पन्ना धाय जी की जन्म जयंती पर उन्हें नमन। मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने पुत्र के प्राण न्योछावर करने वाली मां पन्ना धाय जी की देशभक्ति की यह गाथा सदा अमर रहेगी।

**-वसुंधरा राजे**



## कहानी

# खुशी के रंग

होली के त्योहार के दिन दोपहर के वक़्त बहती मंद फाल्गुनी बयार में नेहा अपने फ्लैट की बालकनी में बैठी उनकी सोसाइटी के बीच में बने पार्क में लोगों को उमंग, उल्लास और मस्ती के साथ विभिन्न रंगों से होली खेलते हुए देख रही थी। मन–प्रणय मिलन और सुखद प्रेम की अनुभूति के इन्द्रधनुषी रंगों के इस त्योहार से परे नेहा को रंगों की दुनिया से विशेष लगाव नहीं था। गुजरते वक़्त के साथ अपनी बेरंग होती ज़िंदगी में उसे इनकी सार्थकता धीरे–धीरे खत्म होती महसूस होने लगी थी। उसे लगने लगा था कि वक़्त के साथ बढ़ती उम्र में उसकी ज़िंदगी के कोरे कैनवास पर रंग भरने वाला शायद ऊपर वाले ने बनाया ही नहीं था। अपनी ज़िंदगी की किताब के रंगहीन पन्नों को पलटते हुए वह अतीत की यादों में खो गई।

शिक्षित और सम्पन्न परिवार की तीन बहनों में नेहा सबसे बड़ी थी। तीनों बहनों की उम्र में ज्यादा अंतर नहीं था। नेहा एक मल्टीनेशनल कंपनी में लम्बे समय से मैनेजर के पद पर कार्य कर रही थी। वक़्त के साथ नेहा के माता–पिता ने अपनी बच्चियों के



घर बसाने के लिए अच्छे परिवार और योग्य वर की तलाश शुरु कर दी। नेहा का तीनों में बड़ी होने के कारण पहले उसी के लिए योग्य वर की तलाश शुरु की गई। लेकिन बीतते समय के साथ नेहा के लिए ढंग के रिश्ते की बात कहीं बन नहीं पा रही थी। ज्यादातर मामलों में लड़के वालों ने नेहा की छोटी बहनों से विवाह में रुचि दिखाई तो नेहा को सारी बात समझ में आ गई।

भौतिक युग में यथार्थ और मानवीय संवेदना को नहीं समझने वाले बहुत लोग समाज में मौजूद थे। जिनके लिए अपने घर में बहू के रुप में लड़की की सुंदरता का पैमाना उसका गोर वर्ण का होना था। नेहा सांवले रंग की थी। जबकि उसकी दोनों बहनें गोरे रंग की थीं। नेहा के लिए उसका सांवला रंग ही उसकी रंगहीन ज़िंदगी का सबब बनता जा रहा था। उसके विवाह का कोई ढंग का रिश्ता नहीं होता देख उसकी सहमति से माता–पिता ने छोटी बहनों का रिश्ता तय कर उनका विवाह कर दिया। दोनों बहनें अपने घर में खुश थीं। लेकिन माता–पिता को नेहा का भी जल्दी ही घर बस जाए इस बात की चिंता खाए जाती थी। वे भले ही इस बात का इज़हार नहीं करते थे लेकिन यह सच भी था।

नेहा ऑफिस से आने के बाद अपना ज्यादा समय अपने कमरे में एकांत में बिताती थी। घर में सभी की ज़िंदगी में एक ठहराव सा आ गया था। हंसमुख स्वभाव की नेहा वक़्त के साथ संसार की चमक दमक और भड़कीले रंगों से दूर सादगी से रहने लगी थी। क्योंकि उसे लगने लगा था कि ये उसके लिए थी ही नहीं। वह अक्सर सोचती थी कि क्या गोरे रंग का होना ही किसी लड़की के दूसरे गुण या अवगुण को ढक देता है? लड़की की शैक्षणिक योग्यता या व्यवसायिक योग्यता के कोई मायने नहीं हैं? क्या सांवले रंग रुप वाले इंसान नहीं होते? उनमें भावनाएं और संवेदनाएं नहीं होतीं? इस तरह के सवालों के जवाब बहुत कोशिश के बाद भी उसे नहीं मिल पा रहे थे। एक लंबे अरसे से उसके विवाह को लेकर भी किसी तरह की कोई बात घर में नहीं हुई थी। वैसे भी रिश्ते के लिए आए हर लड़के और परिवार के सामने साक्षात्कार में, परिणाम जानते हुए भी, किसी प्रतियोगी की तरह खुद को पेश कर वह थक चुकी थी।

अचानक अपने पिता की आवाज सुनकर वह वर्तमान में लौटी तो देखा कि उसके पिता उसके कमरे में खड़े थे। उसके पिता ने कहा, आज शाम को मेरे मित्र का लड़का राजन तुम्हे देखने आएगा। राजन विदेश में एक कंपनी में उच्च पद पर काम करता है। वह संस्कारवान भारतीय लड़की से ही विवाह करना चाहता है। इसके लिए वह भारत आया है। अपने बेटे का विवाह जल्द ही करवाकर मेरे मित्र अपनी इस जिम्मेवारी से मुक्त होना चाहते हैं। इस संदर्भ में मेरे मित्र का कल फोन आया था। मैंने उन्हे तुम्हारे बारे में बताया तो उन्होंने अपने शहर से आज ही शाम को हमारे यहां आने का कहा था। उनका लड़का राजन लगभग तुम्हारी उम्र का ही है। एक बार उनसे मिल लेना। क्या पता कोई बात बन जाए। यह कहकर नेहा के पिता वहां से चले गए।

नेहा इसके लिए अब मानसिक रुप से तैयार नहीं थी। लेकिन पिता के कहने से उसने किसी तरह खुद को इसके लिए मनाया। कुछ समय बाद नेहा को याद आया कि राजन नाम का एक लड़का उसके साथ भी कक्षा दस से कक्षा बारह तक पढ़ता था। गोर वर्ण और आकर्षक व्यक्तित्व वाला बहुमुखी प्रतिभा का मेधावी राजन भीड़ में अलग ही नज़र आ जाता था। उसके साथ पढ़ने वाली कई लड़कियां उस समय और उम्र में भी राजन की ओर आकर्षित रहती थीं। राजन भी उनके साथ शालीनता से हंसी मजाक करने में कोई कसर नहीं छोड़ता था।कक्षा के दो पीरियड्स के बीच के खाली समय वह स्कूल कैन्टीन में साथी लड़कियों के साथ अक्सर बैठा रहता था। जिस तरह राजन अपने गोर वर्ण के कारण स्कूल में अलग नज़र आता था उसी तरह नेहा भी अपने श्याम वर्ण के कारण अलग ही नज़र आती थी। पढ़ाई में दोनों कक्षा में पहले या दूसरे स्थान पर रहते थे। राजन हमेशा उसे समझाते हुए कहता था कि इंसान की पहचान उसके गुणों से होती है, इस नश्वर शरीर के रंग से नहीं। उसके कहने से नेहा भी मान जाती थी। राजन से जुड़ी कई बातें उसे याद आने लगी थीं।

उसे देखने के लिए आने वाला व्यक्ति यदि वही राजन है जो उसके साथ पढ़ता था तो इस कल्पना से एक अनजाना भय उसके जेहन में पसरने लगा था। उसे परिणाम की आशंका ने और भयभीत कर दिया। यदि आने वाला राजन कोई दूसरा व्यक्ति निकला तो उससे मुलाकात का परिणाम सोचकर भी उसके चेहरे पर कई तरह के रंग चढ़ने उतरने लगे थे। वह एक अजीब सी मानसिक उलझन में फंस गई थी। उसकी रंगहीन ज़िंदगी में अब जब रंगों की शायद कोई गुंजाइश नहीं बची, वे उसका कौन सा रंग देख पाएंगे यह उसकी समझ नहीं आ रहा था। वक़्त ने बहुत पहले ही जन्म के साथ ही ज़िंदगी के उसके रंगों का शायद वजूद ही मिटा दिया था।

शाम को राजन और उसके माता–पिता नेहा के घर समय पर आ गए थे। नेहा के माता–पिता उनके साथ ड्राइंग रुम में बातचीत करने में मशगूल हो गए। अपने पिता की आवाज सुनकर जब वह वहां गई तो देखा कि गोर वर्ण का वह व्यक्ति राजन ही था जो उसके साथ पढ़ता था। राजन उसे देखते ही जोर से हंसते हुए बोला, नेहा, यू..... व्हाट ए कोइनसिडेंस ..... और अपने माता–पिता से कहा यही है वह लड़की जिसे अपना जीवन साथी बनाकर अपने को मैं भाग्यशाली समझूंगा। नेहा से भी इस रिश्ते के लिए उसकी राय ले ली जाए।

नेहा के चेहरे पर अरसे बर्फ खुशी देखकर उसके माता–पिता की आंखों से खुशी के आंसू झरने लगे। नेहा ने भी इस रिश्ते के लिए हां कह दी। कुछ दिनों के बाद की तारीख पर उनका विवाह तय हो गया था। अपने शहर जाते समय राजन नेहा को अपने साथ ही विदेश ले जाने के कारण उसे आवश्यक तैयारी करने के लिए भी कह गया।

राजन को अपनी ज़िंदगी में पाकर नेहा ने अतीत की अपनी भावनाओं और विचारों को त्याग दिया। खुशी और रंगों के त्योहार होली पर राजन उसकी रंगहीन जिंदगी के कोरे कैनवास को इंद्रधनुषी रंगों से हमेशा के लिए भरने के लिए आ गया था। नेहा चेहरे की चमक और खुशी उसकी नई जिंदगी में रंगों के प्रवेश को साफ बयाँ कर रही थी। होली के त्योहार पर वातावरण में महुए की गंध की मादकता, पलाश और आम की मंजरियों की महक की तरह उसकी जिंदगी भी खुशियों से महक गई थी।

## संजय उवाच



# छत्रछाया

प्रातः भ्रमण के बाद पार्क में कुछ देर व्यायाम करने के लिए बैठा। व्यायाम के एक चरण में दृष्टि आकाश की ओर उठाई। जिन पेड़ों के तनों के पास बैठकर व्यायाम करता हूँ, उनकी ऊँचाई देखकर आँखें फटी की फटी रह गईं। लगभग 70 से 80 फीट ऊँचे, विशाल पेड़ एवम उनकी घनी छाया। हल्की–सी ठंड और शांत वातावरण, विचार के लिए पोषक बने। सोचा, माता–पिता भी पेड़ की तरह ही होते हैं न! हम उन्हें उतना ही देख–समझ पाते हैं जितना पेड़ के तने को। तना प्रायः हमें ठूँठ–सा ही लगता है। अनुभूत होती इस छाया को समझने के लिए आँखें फैलाकर ऊँचे, बहुत ऊँचे देखना होता है। हमें छत्रछाया देने के लिए निरंतर सूरज की ओर बढ़ते और धूप को ललकारते पत्तों का अखण्ड संघर्ष समझना होता है। दुर्भाग्य यह कि अधिकांश मामलों में छाया समाप्त हो जाने पर ही समझ आता है, माँ–बाप का साया सिर पर होने का महत्व ! ...

अँग्रेज़ी की एक लघुकथा इसी सार्वकालिक सार्वभौम दर्शन का शब्दांकन है। छह वर्ष का लड़का सामान्यत: कहता है, 'माई फादर इज़ ग्रेट।' बारह वर्ष की आयु में आते–आते उसे अपने पिता के स्वभाव में ख़ामियाँ दिखने लगती हैं। उसे लगता है कि उसके पिता का व्यवहार विचित्र है। कभी बेटे की आवश्यकताएँ पूरी करता है, कभी नहीं। किशोर अवस्था में उसे अपने पिता में एक गुस्सैल पुरुष दिखाई देने लगता है। युवा होने पर सोचता है कि मैं अपने बच्चों को दुनिया से अलग, कुछ हटकर–सी परवरिश दूँगा।...फिर उसकी शादी होती है। जीवन को देखने की दृष्टि बदलने लगती है। वह पिता बनता है। पिता होने के बाद अपने पिता का दृष्टिकोण उसे समझ आने लगता है। दस–बारह साल के बच्चे की हर मांग पूरी करते हुए भी कुछ छूट ही जाती हैं। यह विचार भी होता है कि यदि जो मांगा, उपलब्ध करा दिया गया तो बच्चा ज़िद्दी और खर्चीले स्वभाव का हो जायेगा। बढ़ते खर्च के साथ वह विचार करने लगता है कि उसके पिता सीमित कमाई में सारे भाई–बहनों की पढ़ाई का खर्च कैसे उठाते थे! उधर उसका बेटा/बेटी भी उसे लगभग उसी तरह देखते–समझते हैं, जैसे उसने अपने पिता को देखा था। आगे चलकर युवा बेटे से अनेक बार अवांछित टकराव होता है। फिर बेटे की शादी हो जाती है। ...चक्र पूरा होते–होते बचपन का वाक्य, काल के परिवर्तन के साथ,जिह्वा पर लौटता है, वह बुदबुदा उठता है, 'माई फादर वॉज़ ग्रेट।'

अनुभव हुआ, हम इतने बौने हैं कि पेड़ हों या माता–पिता, लंबे समय तक गरदन उठाकर उनकी ऊँचाई निहार भी नहीं सकते, गरदन दुखने लगती है। गरदन दुखना अर्थात अनुभव ग्रहण करना। यह ऊँचाई इतने अधिक अनुभव की मांग करती है कि 'इज़' के 'वॉज़' होने पर ही दिखाई देती है।

...ईश्वर सबके सिर पर यह ऊँचाई और छत्रछाया लम्बे समय तक बनाये रखें।

## बोध कथा

# भूतिया कुआं

शिवपुर गांव में अधिकतर लोग खेती करने वाले ही थे। पूरे गांव में सिर्फ दो ही कुएं थे, जिनसे लोगों को पानी मिलता था। कुछ समय बाद गांव का एक कुआं पूरी तरह सूख गया। अब पूरे गांव के लोग पानी की जरूरत के लिए एक ही कुएं पर निर्भर थे। दूसरे कुएं से पानी भरते–भरते लोगों को लगा कि कुएं में कोई भूत रहता है। जब गांव के किसान कुएं से पानी भरते थे, तो उन्हें अजीब सी आवाजें सुनाई देती थीं। खेती करने वाले पुरुषों की पत्नियां तो डर के मारे कुएं के आसपास भी नहीं आती थीं। धीरे–धीरे पूरे गांव में बात फैल गई कि कुआं भूतिया है। अब रात के समय कोई भी कुएं के पास नहीं जाता था।

इसी बीच गांव का एक बच्चा कहीं खो गया। काफी ढूंढने के बाद भी बच्चा जब नहीं मिला, तो कुछ लोग कुएं के पास बच्चे को देखने के लिए गए। वहां पहुंचे लोगों ने बच्चे को कुएं के अंदर मरा हुआ पाया। अब एक तो कुएं का पानी खराब हो गया और दूसरा बच्चा कैसे मरा इसको लेकर गांव के सभी किसान परेशान हो गए थे।

सबने एक दिन मिलकर नया कुआं खोदने की सोची। कुछ ही दिनों में कुआं सबने खोद लिया और उसमें पानी भी आने लगा। अब पूरे गांव के लोग नए कुएं से ही पानी भरते थे और भूतिया कुएं की तरफ जाना सबने बंद कर दिया था। बड़े लोग तो समझदार थे, इसलिए कुएं के आसपास नहीं जाते थे, लेकिन बच्चे वहां अक्सर खेलने के लिए पहुंच जाते थे।

एक दिन चार–पांच बच्चे भूतिया कुएं के पास खेल रहे थे, तभी एक बच्चा कुएं में गिर गया। उसके चीखने की आवाज सुनकर पूरे गांव वाले दौड़ते हुए भूतिया कुएं के पास पहुंचे। उन्होंने कुएं के अंदर देखा तो बच्चा मरा हुआ दिखा। सबने उस बच्चे के साथ खेल रहे दूसरे बच्चों से पूछा, आखिर क्या हुआ था? बच्चों ने कहा, वो खेलते–खेलते पानी को देखने गया और अचानक कुएं में गिर पड़ा।

इस हादसे के बाद गांव वालों ने तुरंत एक तांत्रिक को जाकर कुएं के पास बुलाया। वहां पहुंचकर तांत्रिक ने बहुत सारे मंत्र पढ़े, जिसे सुनकर भूत सबके सामने आ गया। तांत्रिक ने अपनी विद्या का इस्तेमाल करके उस कुएं को छोड़कर जाने के लिए कहा। भूत ने तांत्रिक की बात को मानने से इनकार कर दिया।

तांत्रिक ने पूछा, तुम क्यों नहीं जाओगे? यहां आकर बच्चे मर रहे हैं, इसलिए तुम्हें जाना ही होगा।

भूत ने जवाब दिया, इस कुएं में सालों से मेरा पूरा खानदान रहता आ रहा है। मैं यहां से बिल्कुल नहीं जाऊंगा। इतना कहकर भूत कुएं के अंदर चला गया। अब तांत्रिक ने गांव के लोगों से कहा, इस कुएं के मुंह को ढक दो। ऐसा करने से किसी तरह के हादसे नहीं होंगे। ये सुनते ही गांव के मुखिया ने तुरंत काम शुरू करवा दिया। दूसरे दिन कुएं के मुंह पर जाली डालकर पूरी तरह से रेत और सीमेंट से पक्का ढक्कन बना दिया गया और उसे ढक दिया गया। अब सारे गांव वाले खुशी–खुशी रहने लगे। उस दिन के बाद से गांव में ऐसी किसी तरह की घटना नहीं हुई और भूतिया कुएं के डर से लोग मुक्त हो गए।

कहानी से सीख :

किसी भी परेशानी में हार नहीं माननी चाहिए। किसी–न–किसी तरीके से उस परेशानी से बाहर निकला जा सकता है।



## अध्यात्म

# सबको अपने में समाहित कर लेना ही धर्म है

आपके कर्मों से ज्यादा–से–ज्यादा लोगों का भला हो और फिर उसी हिसाब से कर्म करिए। जब बाहरी क्रिया–कलापों की बात आती है, तो उस पल के लिए उचित निर्णय लेना ही धर्म है। कोई यह तय नहीं कर सकता कि क्या सही है और क्या गलत। धर्म की व्याख्या प्रत्येक व्यक्ति अपने–अपने ढंग से करता है। इसलिए इसके रूप को लेकर मतभेद रहते हैं। लेकिन शाश्वत धर्म किसी भी परिभाषा से ऊपर है। यह व्यक्ति को व्यक्ति से जोड़ता है। अपने 'मैं' और तुम्हारे 'तुम' से मुक्त होकर सबको अपने में समाहित कर लेना ही वास्तविक धर्म है।

धर्म क्या है? कृष्ण के जीवन में बहुत लोगों ने उनसे यह प्रश्न पूछा था। जब द्रौपदी का विवाह होने वाला था, तो उन्होंने हर संभव कोशिश की कि द्रौपदी का विवाह पांच पांडवों से हो। उस वक्त द्रौपदी ने उनसे पूछा, 'आपको पता है धर्म क्या है?' एक बार कृष्ण ने भीम से कहा था, 'हस्तिनापुर दुर्योधन के लिए छोड़ दो। चलो हम नया नगर बसाएंगे।' इस पर भीम ने जवाब दिया, 'आप देशद्रोही हैं। मैं दुर्योधन को मार डालना चाहता हूं और आप मुझसे यह कह रहे हैं कि मैं यह राज्य उसके लिए छोड़ कर चला जाऊं । कहीं और जाकर अपना राज्य बसाऊं।' धर्म के बारे में आप क्या जानते हैं? अर्जुन और बहुत से दूसरे लोगों ने भी ऐसे ही सवाल उठाए। लोगों ने कृष्ण से पूछा, 'क्या आपको वास्तव में पता है कि धर्म क्या है?'



कृष्ण ने हर किसी को धर्म के बारे में विस्तार से समझाया। मैं उनके एक–एक उत्तर की बात तो नहीं करूंगा, लेकिन उन्होंने सामान्य तौर पर यह कहा कि, अभी इस पल के कर्म के मामले में धर्म क्या है, यह मैं भी नहीं जानता, क्योंकि कर्म परिस्थितियों पर आधारित होते हैं। हालांकि हम इसके बारे में सही–गलत का फैसला करते हैं, लेकिन बाहर से देखने पर हम थोड़े–बहुत गलत भी हो सकते हैं। लेकिन जब बात अपने स्वधर्म (जीवन में खुद का कर्तव्य) की आती है, यानी मैं स्वयं अपने अंदर कैसे रहूं, तो उसके बारे में मैं पूरी तरह स्पष्ट हूं। किसी बुद्धिमान व्यक्ति के दिमाग में भी इस बात को लेकर शत–प्रतिशत स्पष्टता नहीं होती कि उसे किस तरह से कर्म करना चाहिए। वह हमेशा अपने निर्णय को तौलता है। अगर आप बाकी जीवों के नजरिये से देखने की कोशिश करेंगे तो पाएंगे कि हम जो भी करते हैं, हमारा अस्तित्व, हमारा खान–पान, हमारा जीवन, हमारा सांस लेना सब कुछ किसी–न–किसी तरह से उन जीवों के साथ अन्याय ही है।

इस तरह इस दुनिया में कोई भी कर्म न तो सौ फीसदी सही है और न सौ फीसदी गलत। आपको बस यह देखना है कि आपके कर्मों से ज्यादा–से–ज्यादा लोगों का भला हो और फिर उसी हिसाब से कर्म करिए। जब बाहरी क्रिया–कलापों की बात आती है, तो उस पल के लिए उचित निर्णय लेना ही धर्म है। कोई यह तय नहीं कर सकता कि क्या सही है और क्या गलत। जब कर्म करने की बात आती है तो सौ फीसदी स्पष्टता सिर्फ एक मूर्ख या एक कट्टर इनसान के दिमाग में ही होती है। बाकी सभी लोग हमेशा अपने निर्णय को तौलते हैं, कि क्या सही है और क्या गलत। कोई दूसरा तरीका ही नहीं है। इस सृष्टि की प्रकृति ही ऐसी है।

अब आप किसी की हत्या की बात कर रहे हैं। जरा सोच कर देखिए, जब आप खाते हैं, तो आप किसी की हत्या कर रहे होते हैं, जब आप सांस लेते हैं तो आप किसी की जान ले रहे होते हैं, जब आप चलते हैं तो भी पैरों तले किसी जीव की जान लेते हैं। अगर आप यह सब नहीं करना चाहते तो आपका अपना जीवन खतरे में पड़ जाएगा और तब आप खुद की जान ले रहे होंगे। तो आप किस धर्म का पालन करेंगे? बात बस इतनी है कि आप भीतर से कैसे हैं।

## वीर गाथा

# नायक प्रेम बहादुर गुरुंग: 'खुखरी' से रोका दुश्मन का वार, 3 पाकिस्तानियों का कर दिया संहार

नायक प्रेम बहादुर गुरुंग का जन्म 22 नवंबर, 1956 को नेपाल के कास्की जिले के सिधानी गांव में हुआ था। कर्ण बहादुर गुरुंग के बेटे प्रेम बहादुर 22 नवंबर, 1976 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। उन्हें गोरखा राइफल्स में शामिल किया गया था।

प्रेम बहादुर सितंबर 1987 में सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में तैनात थे। वहां उनकी कंपनी ने बिलाफोंडला कॉम्प्लेक्स में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रखी थी। 23–24 सितंबर की रात को पाकिस्तानी फौज ने उनकी पोस्ट पर हमला बोला था। इसका भरपूर जवाब दिया गया और दुश्मन को पीछे हटना पड़ा था।

इसके बाद 24–25 सितंबर की रात को पाकिस्तान ने भारी तोपखाने से गोलाबारी करते हुए पोस्ट को निशाना बनाया। उस दौरान कमांडर घायल हो गए, इसलिए प्रेम बहादुर गुरुंग ने सेक्शन कमांडर का जिम्मा संभाला। मुकाबला आगे बढ़ने के साथ ही सेक्शन का गोला–बारूद खत्म होने लगा, लेकिन प्रेम बहादुर इससे विचलित नहीं हुए। वे गोला–बारूद लेने के लिए भीषण हमले के बीच ही दो बार अपने प्लाटून मुख्यालय की ओर गए। उनके सेक्शन ने दुश्मन के हमले को नाकाम कर दिया।

24 सितंबर को देर रात लगभग 3.25 बजे पाकिस्तान ने एक बार फिर हमला बोला। जब पाकिस्तानी फौजी भारतीय पोस्ट से सिर्फ़ 50 गज की दूरी पर थे तो प्रेम बहादुर अपनी खाई से बाहर निकले और उन पर जोरदार धावा बोला। इससे दुश्मन के फौजियों में अफरा–तफरी मच गई थी।

प्रेम बहादुर ने उन पर ग्रेनेड फेंके और गोलियां चलाईं। अचानक ऐसे जवाबी हमले से कई पाकिस्तानी फौजी वहां से भागने लगे। नायक प्रेम बहादुर ने तुरंत अपनी खुखरी निकाली और तीन पाकिस्तानी फौजियों को वहीं मार गिराया।

अचानक दुश्मन की ओर से एक गोली आई, जो प्रेम बहादुर के सीने में लगी और वे वीरगति को प्राप्त हो गए। नायक प्रेम बहादुर गुरुंग ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपना कर्तव्य निभाया। उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित किया गया।



न्यूज अपडेट

## आईटीडीए निदेशक ने राजबांध का भ्रमण कर समस्याओं को जाना

**दुमका।** परियोजना निदेशक आईटीडीए रवि जैन ने आदर्श ग्राम राजबांध का भ्रमण किया। ग्रामीणों से वार्ता कर वहाँ की समस्याओं को जाना। ग्रामीणों द्वारा पेयजल, पथ, नाली, ग्राम सभा भवन आदि समस्याओं से अवगत कराया। राजबांध के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गांव के बगल से बहने वाली नदी पर यदि बाँध बन जाये तो वहाँ सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। ग्रामीण महिलाओं द्वारा आजीविका के साधन हेतु मशरूम की खेती, मुर्गीपालन एवं मत्स्य पालन का प्रशिक्षण देने एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया गया। भ्रमण के दौरान डीपीएम जएसएलपीएस, राजबांध पंचायत के मुखिया एवं प्रधान उपस्थित थे '



## स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ पारंपरिक विधि से तैयार कर रहीं हर्बल गुलाल

**दुमका।** इस बार दुमका की होली के रंग कुछ खास होने वाले हैं, क्योंकि जिले की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पारंपरिक विधि से हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। पलाश के फूल, चुकंदर, हल्दी और पालक जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से बने ये रंग न केवल त्वचा के लिए सुरक्षित हैं, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी हैं।



जरमुंडी प्रखंड सहित अन्य प्रखंडों के कई स्वयं सहायता समूह 'पलाश ब्रांड' के अंतर्गत इस हर्बल गुलाल का निर्माण कर रहे हैं। जिले में लगभग 200 किलोग्राम प्राकृतिक गुलाल तैयार किया जा रहा है, जिससे स्थानीय बाजार में इसकी अच्छी मांग बनी हुई है।

जेएसएलपीएस के 'पलाश ब्रांड' के तहत 8 मार्च से जिला एवं प्रखंड स्तर पर विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां हर्बल गुलाल की बिक्री और प्रदर्शनी होगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ जिले में स्थानीय उत्पादों की पहचान भी बनाएगी।

» महिलाओं को रोजगार, समाज को सुरक्षित रंग

जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशांत एक्का ने बताया कि जिले में हर्बल गुलाल बनाने के लिए आवशयक सभी कच्ची सामग्री आसानी से उपलब्ध है, जिससे महिलाओं को अतिरिक्त आय का अवसर मिल रहा है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित होली खेलने का अवसर भी देगी।

इस होली, दुमका के लोग अपने जिले में निर्मित हर्बल गुलाल से प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों के साथ त्योहार का आनंद ले सकेंगे।

## एसपी कॉलेज, दुमका में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस





**दुमका।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिन शनिवार को एनएसएस यूनिट-12 व 10 के पदाधिकारीगण क्रमशः डॉ रंजीत कुमार दुबे व सीमा कुमारी की उपस्थित में प्राचार्य ने कहा कि स्त्री और पुरुष दोनों समाज रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं, किसी एक के भी कमजोर रहने से समाज रूपी गाड़ी नहीं चल सकती। डॉ दुबे ने कहा कि ₹नारी को जब मिलेगा सम्मान, तब प्रगति करेगा हिंदुस्तान।

इस अवसर पर एसपी बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राएँ यथा- विवेक कुमार मंडल, अनन्या चक्रवर्ती, नवोदिता चक्रवर्ती, नंद नंदन, पुरुषोत्तम कुमार, सुषमा मंडल, सरिता टुडू, पूजा कुमारी, राहुल दास जीत प्रियो दे, श्यामल दत्ता, छोटी कुमारी व तमाम विद्यार्थी मौजूद थे।

## महिलाओं व लड़कियों के लिए अधिकार, समानता और सशक्तिकरण विषय पर प्रतियोगिताएं आयोजित





**दुमका।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने 7 और 8 मार्च को छात्र-छात्राओं के बीच कई प्रतियोगिताएं आयोजित की। प्रतियोगिताओं का मुख्य विषय₹सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए - अधिकार, समानता और सशक्तिकरण₹ था। शुक्रवार को भाषण, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएं और शनिवार को नृत्य, गीत और नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विभागों की छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने निर्णायक की भूमिका निभाई। भाषण प्रतियोगिता में रश्मि राज ने प्रथम, हिमाद्री बेसरा ने दूसरा और कृष्ण कुमार ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में आर्या अपराजिता ने पहला, स्निग्धा डे ने दूसरा और दीपा कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में सुषमा हेम्ब्रम ने पहला, ज्योति कुमारी ने दूसरा और मनीषा टुडू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एकल गायन में तृप्ति गोरे ने पहला, पूजा कुमारी ने दूसरा और सिरिल मरांडी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समूह गायन में भूगोल विभाग को प्रथम, राजनीति विज्ञान विभाग को द्वितीय तथा प्राणि विज्ञान को तृतीय पुरस्कार मिला। एकल नृत्य में मनीषा टुडू को प्रथम, अनिमा मुर्मू को द्वितीय तथा जोएल सोरेन को तृतीय पुरस्कार मिला। समूह नृत्य में राजनीति विज्ञान को प्रथम, भूगोल विभाग को द्वितीय तथा इतिहास विभाग को तृतीय पुरस्कार मिला। नाटक में वाणिज्य विभाग को प्रथम, प्राणि विज्ञान को द्वितीय तथा भूगोल विभाग को तृतीय पुरस्कार मिला। महिला प्रकोष्ठ की सदस्य तथा प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. निर्मला त्रिपाठी ने इस दो दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# वाजपेयी सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि विचारधारा की एक जीवंत परिभाषा थे: अमर कुमार बाउरी





**दुमका।**

के बी वाटिका दुमका में दिन शनिवार को भाजपा दुमका इकाई की ओर से अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा के उन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया एवं जनसंघ काल में कार्य किए हुए लोगों के परिवारजनों को सम्मानित किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि अमर कुमार बाउरी ने प्रथम प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद को अंगवस्त्र देकर और उनका आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें सम्मानित करने का किया, साथ ही तत्कालीन भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीराम केसरी के पुत्र जिला महामंत्री पवन केसरी, ओम केसरी, प्रभात चंद्र लायक, जगदीश राय, रामवतार भालोटीया, पवन सिंह, गुंजन मरांडी आदि कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का काम किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह अटल जन्म शताब्दी की जिला संयोजक डॉ. अंजुला मुर्मू ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला मंत्री जीतलाल राय ने किया।

» सम्मेलन में नेताओं के विचार: मुख्य वक्ता अमर कुमार बाउरी ने अपने संबोधन में कहा,

अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचारधारा की एक जीवंत परिभाषा थे। उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाया, सशक्त विदेश नीति दी और अंत्योदय के संकल्प को साकार किया। आज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा उन्हीं मूल्यों पर चलते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। जो लोग भाजपा को कमजोर समझते हैं, वे इतिहास भूल चुके हैं–यह संगठन संघर्ष से बना है और राष्ट्रवाद की नींव पर टिका है। झारखंड की धरती भी अटल जी की दूरदृष्टि का परिणाम है, और हम सभी का कर्तव्य है कि उनकी विरासत को संजोकर उसे और मजबूत करें।

» भाजपा के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा,

अटल बिहारी वाजपेयी जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक युग थे। उनका समर्पण, दूरदृष्टि और नेतृत्व भारतीय राजनीति के लिए अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने जिन सिद्धांतों और आदर्शों पर काम किया, वही भाजपा की रीढ़ हैं। आज हमें संकल्प लेना होगा कि हम अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए संगठन को और मजबूत बनाएंगे।₹

» भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने कहा,

दुमका भाजपा के कार्यकर्ताओं का समर्पण संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। आज जिन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया, वे हमारी प्रेरणा हैं। अटल जी के नेतृत्व में उन्होंने जो योगदान दिया, वह अविस्मरणीय है। हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी विरासत को आगे बढ़ाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा को और सशक्त बनाएं।

जिला मिडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश मुर्मू, परितोष सोरेन, निवास मंडल, अमिता रक्षित, जिला उपाध्यक्ष मार्शल ऋषिराज टुडू, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, पिंटू साह, बबलू मंडल, दिनेश सिंह, सहदेव मरांडी, गणपति पाल, बिनोद यादव, मणिलाल गृही, राजू दर्वे, सुरेश मंडल, नवल किशोर मांझी, दुर्योधन राय, अनूप कुमार, नरेश चंद्र मंडल, अजय सिंह, ममता साह, रूपेश मंडल, श्रीधर दास, भृगुनाथ यादव, मृणाल मिश्रा, अजय गुप्ता, पंकज वर्मा, बिमान सिंह, दीप्तांशु कोचगवे, मनीष कुमार, अमन राज, कुश पाल, गोविंद दान, निमित किस्कू, अरविंद दुबे, नीतू झा, टिंकू गण, चाइना मंडल, दीपाली मंडल, संतोष सोरेन, वीरेंद्र मरांडी, दिनेश मरांडी, रानी सिंह, सुनील हेंब्रम एवं अनेकों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 10, 634 वादों का निष्पादन, 87 करोड़ से अत्यधिक की राशि का हुआ समझौता




**दुमका।**

झालसा, रांची व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका संजय कुमार चन्द्धरियावी के निर्देशानुसार दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका, उत्तम सागर राणा से प्राप्त सूचना अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बेंचों का गठन किया गया है।


जिसमें बेंच नंबर 1 से संजय कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, दुमका, कुमार प्रभात, अधिवक्ता, दुमका तथा प्रशांत कुमार, अधिवक्ता दुमका, उपस्थित हुए। बेंच नंबर 2 से रमेश चन्द्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-प्रथम, दुमका, विक्रमादित्य पांडेय, अधिवक्ता, दुमका एवं नीरज कुमार दीक्षित, अधिवक्ता उपस्थित हुए। बेंच नंबर 3 से राजेश सिन्हा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-तृतीय, दुमका, ओमियो कुमार मांझी, अधिवक्ता, दुमका एवं मृगांक शेखर चक्रवर्ती, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए। बेंच नंबर 4 से मोइ्ज़ जावेद खान, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी दुमका, राकेश चंद्र लाल मरांडी, अधिवक्ता, दुमका एवं धर्मवीर मिश्रा, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए। बेंच नंबर 5 से नेहा झा, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, दुमका, कामोद नारायण झा, अधिवक्ता, दुमका एवं वरुण कुमार सिंह, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए। बेंच नंबर 6 से आदित्य, न्यायाधिकारी सह न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, दुमका, विनीत कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी, दुमका तथा नीलकंठ झा, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए।

बेंच नंबर 7 से नीलमणि मराण्डी, सदस्य, जिला उपभोक्ता फोरम, दुमका, राधे मंत्री, अधिवक्ता दुमका एवं प्रेमजीत लाल, अधिवक्ता दुमका उपस्थित हुए। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत मे मुख्य रूप से पारिवारिक वाद, दुर्घटना वाद, लैंड एक्विजिशन, एम ए सी टी, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, बैंक रिकवरी, लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट, क्रिमिनल केस, माइनिंग केस, प्री लिटिगेशन मैटर, पुलिस एक्ट, माइनर एक्ट, एक्सक्यूटिव केस, सर्टिफिकेट केसेस, कंज्यूमर फोरम केसेस आदि शामिल है।

इस प्रकार कुल सात बेंचों से 10634 वादों का समझौते के आधार पर निष्पादन करते हुए कुल 87,36,79,388/- रुपए की राशि का समझौता किया गया, साथ ही लोक अदालत में पहुंचे हुए विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों के लिए विधिक जागरूकता हेतु एक स्टॉल भी लगाया गया एवं कानूनी पुस्तकों तथा पंपलेट का भी वितरण किया गया।

## महासभा के प्रांतीय महासचिव व संप प्रभारी बनाए जाने पर खुशी

**दुमका।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा से सम्बद्ध प्रान्तीय यादव महासभा झारखंड के अध्यक्ष यादव पीताम्बर दास ने समाजसेवी व पूर्व राजद जिलाध्यक्ष डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव को महासभा के सांगठनिक कार्यों के प्रति निश्वार्थ समर्पण एवं अपेक्षित सहयोग को देखते हुए प्रदेश महासचिव सह संपप्र प्रभारी का दायित्व सौंपा है।



डॉ यादव के अनुसार पिछले 29 वर्षों से वे समाजसेवी के रूप में अग्रणी भूमिका में रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुमका सहित संप के कई लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। डॉ यादव के अनुसार महासभा के दुमका जिला संरक्षक दिवाकर महतो, जिलाध्यक्ष शिवनारायण दर्वे, प्रो प्रशांत कुमार, शिवनंदन यादव, सुमंगल ओझा, अनंत लाल खिरहर, देवघर के कृष्णा सिंह यादव व सुरेश यादव, साहिबगंज के जगत किशोर यादव, जामताड़ा के दिनेश यादव व बिपल्ल कुमार यादव, रांची के रामविलास गोप, पिंटू कुमार पुरषोत्तम, देवेश कुमार, निर्मल यादव, राजेश रंजन, संतोष यादव, मुकेश कुमार, अब्दुल हन्नान, पवन कुमार, रमन कुमार, निरंजन दास, चंदन यादव, परमेश्वर सिंह, शशि अम्बष्ट, मनोहर केसरी, अरुण कुमार, अशोक राज, यदुवंशी देबू राउत, मनोज कुमार यादव, ज्योतिष यादव, कार्तिक यादव, शैलेंद्र यादव, अजीत कुमार, मुकेश कुमार यादव, विष्णु यादव, सुधांशु दर्वे, रणधीर यादव अलबेला, प्रदीप मंडल, जयप्रकाश यादव, प्रमोद पंडित, संजय यादव, विहारी यादव, दयामय माजि, शम्भू प्रसाद यादव, रामकुमार दर्वे, सुरेन्द्र यादव, पंकज यादव, शेखर कुमार, बालकृष्ण दर्वे, किशोर यादव, गौतम दर्वे, जीतू यादव, लखन यादव, प्रमोद मंडल, अशोक यादव, सौरभ यादव, ललित यादव, प्रेम यादव सहित सैकड़ों लोग बधाई देने वालों में शामिल हैं।

# पालोजोरी में महिला दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित




**पालोजोरी(देवघर)।**

पालोजोरी प्रखंड के सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

» कचुआसोली पंचायत में महिला सभा आयोजित :–

कचुआसोली पंचायत के सभागार में मुखिया राजीव रंजन के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित महिला सभा का आयोजन किया गया। मुखिया ने कहा कि- यह सभा महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई, जहाँ उन्होंने अपनी आवाज़ उठाई और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। यह सभा महिलाओं के सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर पंचायत सचिव बलराम सिंह, रोजगार सेविका नूतन कुमारी, आदित्य कुमार, वार्ड सदस्य राजेश सोरेन, सेविका सोनी कुमारी, कौशल्या देवी, जलसहिया सुमोदी मारंडी, सुनीत हेंब्रम, ललित देवी, रंभा देवी सहित अन्य मौजूद थे।

» जेएसएलपीएस के सीएलएफ में कार्यक्रम :– जेएसएलपीएस के तहत गठित सगराजोर, बाँधडीह, बगदाहा, दुधानी और रघुवाडीह

आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं ने अपनी सफलता की कहानी बताई, जिसमें आर्थिक और सामाजिक रूप सशक्त हुई है। वहीं सीएलएफ के पदाधिकारियों, लेखपाल, मैनेजर, जेंडर सीआरपी, एफएलसी, बैंक सखी, सक्रिय महिला सहित अन्य ने भी अपनी बात रखी। इसके बाद कर्मी सीसी, आईपीआरपी सहित अन्य कर्मियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

जमुआ पंचायत में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जमुआ पंचायत के मुखिया नितू कुमारी ने जेएसएलपीएस के महिला कैडरों को बेहतर कार्य के लिये सम्मानित किया गया। वहीं मुखिया ने समूह से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े ऋण लेकर कृषि, पशुपालन में जुड़ने एवं जैविक खेती का बढ़ावा दे।

## कॉंग्रेस की बूथ से लेकर पंचायत कमेटी मजबूत होगा-डॉ. सिराज

**पालोजोरी।** पालोजोरी की कांग्रेस पार्टी की प्रखंड इकाई की बैठक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष अफरोज अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड के संयोजक डॉ. सिराज अंसारी ने कहा की पालोजोरी कांग्रेस कमेटी को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को तन मन धन से मेहनत करने की आवशयकता है। प्रखंड के तीन मंडल अध्यक्ष उदय राय, महमूद अंसारी और श्रीनाथ मरांडी की अध्यक्षता में 10 मार्च को देवघर में झारखंड के प्रभारी के. राजू की बैठक में भाग लेने के लिये पालोजोरी प्रखंड के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुँचेंगे। इसके बाद बैठक में पार्टी को मजबूती के लिए पंचायत अध्यक्ष और बूथ कमेटी को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड के सचिव शमशेर अंसारी , उत्तम कुमार राय ,दुधनी पंचायत के अध्यक्ष नियामत अंसारी, महमूद अंसारी मुमताज अंसारी ,नूर अंसारी ,दिलकश हुसैन, सागरजोर पंचायत अध्यक्ष अल्ताफ अंसारी, लाल अंसारी, नसीम अंसारी, इसराइल अंसारी, सरफराज अंसारी ,तस्लीम अंसारी, शकील अंसारी, अनीश राजा सहित अन्य उपस्थित थे।




# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जनमत महिला सभा का संकल्प




**दुमका।**

जनमत शोध संस्थान की महिला संगठनात्मक इकाई जनमत महिला सभा की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जामा प्रखंड अंतर्गत चिकनियां पंचायत के लकरजोरिया गांव में पूर्व मुखिया फूलकुमारी पुजहरिनी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में परिचर्चा का विषय ₹ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गांव की महिलाओं का योगदान और उनकी दशा दिशा₹ रखा गया था। उक्त विषय पर आयोजित इस परिचर्चा में मुख्य वक्ता जनमत की प्रोग्राम कॉर्डिनेटर प्रभा सोरेन ने कहा कि हम गांव की महिलाएं विशेषकर आदिवासी महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं लेकिन आज भी हम अपने घर गांव में उपेक्षित हैं। घर हो या बाहर हमारे श्रम का कोई मोल नहीं है। पुरुष अगर कहीं बाहर से कमा कर घर लाता है, तो उसका मोल है लेकिन जब एक महिला घर में दिन रात मेहनत करके घर के पैसे को बाहर जाने से बचाती है, तो वह घरेलू आय का हिस्सा नहीं माना जाता है। घर गांव की महिलाएं इसी पुरुष मानसिकता की शिकार हैं।

इसी कड़ी में अर्चना रानी दास, रीता दास, होपनटी सोरेन और चुड़की हेम्ब्रम आदि कई महिलाओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि समय काफी बदल गया। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। गांव की महिलाओं के पास भी हुनर है, प्रतिभा है, पारंपरिक ज्ञान है लेकिन गांव की महिलाओं के हुनर को रोजगार में बदलने का साधन नहीं है। सरकार की कई योजनाएं हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में धरातल पर उतर कर सफल नहीं हो पाती है क्योंकि उसके पीछे संबंधित विभागों का ईमानदार प्रयास नहीं होता। कार्यक्रम में कई ऐसी महिलाएं भी शामिल थी जिन्होंने अपनी अपनी पीड़ा सुनाई और भावुक हो गईं। जिसमें घरेलू हिंसा से लेकर पति के शराबखोरी और एक छोड़ कर दूसरी तीसरी शादी करने से संबंधित मामले सामने आये और उसके साथ साथ उन संबंधित महिलाओं के संघर्ष और जीवन में आ रही कठिनाईयों को लेकर भी अपना अपना दुख साझा किया।

जनमत की एक महिला कार्यकर्ता शोभा चौंड़े ने एकल महिला के संघर्ष और समाज में उनकी उपेक्षा का मामला उठाया। एक और कार्यकर्ता ने महिलाओं के मानव तस्करी का मामला उठाया और कहा कि जब घर बाहर खेतों में काम करते भी घर में मान सम्मान नहीं मिलता हमेशा ताना मिलता है मारपीट होती है तो मजबूरी में महिलाएं किसी के बहकावे में आकर काम करने के लिए बाहर चली जाती हैं और वहां कई तरह के शोषण का शिकार हो जाती हैं। चर्चा परिचर्चा के क्रम में यह बात निकल कर सामने आई कि संस्थान की महिला संगठनात्मक इकाई को सशक्त और सक्रिय करना होगा और संगठन के माध्यम से घर गांव के ऐसे छोटे छोटे मामले में सकारात्मक हस्तक्षेप कर सामाजिक बदलाव लाना होगा तभी अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का यह कार्यक्रम सफल और सार्थक होगा। इस प्रस्ताव के बाद जनमत महिला सभा ने सामूहिक रूप से शपथ लेकर अपना यह संकल्प दोहराया कि हम घर गांव की महिलाओं के छोटे छोटे मुद्दे का समाधान मिलकर करेंगे और महिलाओं को सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनायेंगे।

जनमत की प्रोग्राम कॉर्डिनेटर प्रभा सोरेन के संयोजन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया।

न्यूज अपडेट

## छात्र रवि कुमार के असमय निधन, विद्यालय प्रबंधन ने जताया शोक

- **विद्यालय ने मेधावी छात्र रवि कुमार को खोया है:सिकंदर**

**प्रतिनिधि बरही।** बरही। रेनबो स्कूल में शनिवार को कक्षा आठवीं के छात्र रवि कुमार के असमय निधन की खबर मिली, विद्यालय प्रबंधन शोक में डूब गया। विद्यालय निदेशक सिकंदर कुशवाहा ने बताया कि 13 वर्षीय रवि कुमार करसो गांव निवासी विद्यालय के होनहार छात्र थे। उनके अचानक निधन से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि विद्यालय के शिक्षकों और सहपाठियों में भी शोक है, सभी ने गहरी संवेदना व्यक्त की।



उन्होंने जानकारी के अनुसार बताया कि दो दिन पूर्व रवि कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजन उनकी सेहत में सुधार की उम्मीद कर रहे थे, उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद विद्यालय में शोक सभा का आयोजन कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि रवि कुमार एक मेधावी छात्र थे, जिनका असमय जाना हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी मुस्कान और जिज्ञासु स्वभाव हमेशा हमें याद रहेंगे। विद्यालय परिवार इस कठिन समय में उनके परिजनों के साथ खड़ा है और हम उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। शोक व्यक्त करने वालों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, पंकज कुमार, सुधा यादव, रिंकी कुमारी, सुजीत कुमार, स्वाती कुमारी, मानसी कुमारी, विनय कुमार, सकलदेव यादव, सतीश कुमार, मानसी केशरी, अरमान आलम, रानी कुमारी, शैलवी कुमारी, पृथ्वीराज, परी कुमारी सहित अन्य शामिल रहें।


## विकसित समाज के लिए महिलाओं को शिक्षित होना जरूरी

**श्रमबिन्दु इचाक ।** इचाक. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मध्य विद्यालय मांगुरा के प्रांगण मे महिला एवं बाल सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया मीना देवी ने की. उन्होंने कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है.इसलिए महिला एवं बालिकाओं को शिक्षित होना जरूरी है. महिला शिक्षित होगी तभी समाज एवं देश आगे बढ़ेगा और विकसित समाज बनेगा.इस दौरान मुखिया ने बालिकाओं के लिए शौचालय बनवाने का आश्वासन दिया.पंचायत सचिव अमरदीप रावत ने कहा कि वार्षिक कार्ययोजना में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विशेष ख्याल रखा गया जिसका लाभ आप सबों को मिलेगा. मौके पर विद्यालय के विद्यालय की शिक्षिका कपूर देवी समेत अन्य शिक्षिकाएं के अलावा सन्नू देवी, मंदोदरी देवी, भुवनेश्वरी देवी, सुधा देवी, सजरूण निशा, खुशबू देवी,कपूर देवी, लक्ष्मी कुमारी, सपना कुमारी, वर्षा कुमारी, राधिका कुमारी, मनीषा कुमारी, मुस्कान कुमारी, कल्पना कुमारी, अंशिका कुमारी, रानी कुमारी, रिया कुमारी, मानवी कुमारी, माया कुमारी, गुड़िया कुमारी, काजल कुमारी समेत कई बालिकाएं शामिल थी.



## एनटीपीसी केरेडारी साइट के डीजीएम कुमार गौरव की गोली मार कर हत्या।

**बड़कागांव/** केरेडारी में अपराधियों ने एनटीपीसी के डीजीएम रैंक के अधिकारी कुमार गौरव को गोली मार दी है। कुमार गौरव की पीठ पर गोली लगी है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है।



यह घटना हजारीबाग के कटकम दाग थाना क्षेत्र के फतह के पास सुबह करीब 9:30 बजे की है घटना के बारे में हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद अपराधियों की धड़ पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक कुमार गौरव एनटीपीसी केरेडारी स्थित कार्यालय में कार्यरत थे।

वे शनिवार की सुबह वह कार्यालय जा रहे थे तभी अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी।

अपराधियों की फायरिंग में उन्हें गोली पीट पर लगी ।

घटनास्थल हजारीबाग और बड़का गांव के बीच का इलाका है इस इलाके में पहले भी करीब 2 साल पहले ऋतिक कंपनी के जीएम को अपराधियों ने गोली मारी थी।

एनटीपीसी के डीजीएम रैंक के अधिकारी की हत्या की घटना के बाद एनटीपीसी के अधिकारी के बीच दहशत फैल गया है हजारीबाग के बड़कागांव केरेडारी क्षेत्र में एनटीपीसी के कई काम चल रहे हैं।

## नागी आजीविका महिला संकुल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

- **नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है, वह जननी है, जीवनदायिनी है: शेख तैयब**

**श्रमबिंदु ।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो पंचायत के सचिवालय भवन में शनिवार को नागी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड क्लस्टर द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के कुसुम्भा, नागी, नावाटाड़, चानो, अचलजामो, बनासो सभी समूहों के क्लस्टर, अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, लेखपाल उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद् सदस्य शेख तैयब, यशोदा देवी, माही पटेल, ऊष्मा देवी एवं चमेली गोस्वामी द्वारा संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। नागी आजीविका महिला संकुल समिति द्वारा मुख्य अतिथियों के हाथों सभी समूहों के अध्यक्ष एवं सचिव को गिफ्ट देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान जिप सदस्य शेख तैयब ने कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है, साथ ही हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर आगे बढ़ रही है। नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है, वह जननी है, जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते सवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृतिक में नारी को शक्ति, ममता और त्याग का स्वरूप माना गया है। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है, आज महिलाएं राफेल उड़ा रही है, महिला सशक्तिकरण का जीता जागता उदाहरण हमारे देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी हैं। मौके पर मुख्य रूप से दिव्या देवी, चीनिया देवी, अनीता देवी, सोनी देवी, चमेली गोस्वामी, ऊष्मा देवी, मधु कुमारी, सोनिया देवी किरण कुमारी, पूनम देवी, सोनिया कुमारी, कुंती देवी, बसंती देवी, मुक्ता कुमारी, बेबी देवी, अनीता पासवान, गीता देवी, पिंकी देवी, बेबी देवी, ललिता देवी, कुंती देवी, पार्वती देवी, सरिता देवी समेत सैकड़ो की संख्या में महिला सशक्तिकरण के सदस्य मौजूद थे।

# होली पर्व को लेकर सिकरी ओपी थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

### बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, ग्रामीण व पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी

**बड़कागांव।**

बड़कागांव अंतर्गत सिकरी ओपी थाना में होली व रमजान पर्व मानने को लेकर सिकरी व गर्री के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी व समाजसेवियों के बीच थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह व संचालन सिकरी निवासी समाजसेवी कृष्णा कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से अपने-अपने विचार रखें और सभी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि होली का पर्व असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है। इस पर्व को हम सब मिलजुल कर भाईचारगी के साथ मनाये। किसी के साथ अभद्रता का व्यवहार ना करें और आपसी भाईचारगी की एक मिसाल कायम करें। सिकरी मुखिया प्रभु महतो ने कहा कि होली में हम सभी एक दूसरे को प्रेम और सौहार्द के साथ रंग गुलाल लगायें, किसी के साथ हमें जबरदस्ती नहीं करनी है, साथ ही शराब न पीने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि हम सभी को शरारती तत्व के लोगों पर ध्यान रखने की आवश्यकता है क्योंकि समाज में यही शरारती तत्व के लोग समाज को बदनाम करने की कोशिश करते हैं। शराब पर पूर्ण पाबंदी लगाने की बात कही गई। जगह-जगह पर डीजे साउंड में जो अश्लील गाने बजाए जाते हैं, कपड़ा फाड़ होली खेली जाती है इन सभी चीजों पर अंकुश लगाने की बात कही। उन्होंने लोगों को या भरोसा दिलाया कि समय-समय पर हम अपनी टीम के साथ पोषक क्षेत्र में भ्रमण करते रहेंगे और उन शरारती तत्व के लोगों को चिन्हित करने का प्रयास करेंगे। बैठक में धारा 126 के तहत होली और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्वक मनाने के लोग लेकर कुछ लोगों पर नोटिस किया गया था जिस पर लोगों ने आपत्ति दर्ज की। समाज के कुछ सामाजिक व्यक्ति जो समाज के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं उनका नाम देना उचित नहीं है। इस पर थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को आस्वस्त किया कि आप सब पर्व को शांति पूर्वक मनाएं, कहीं किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। धारा 126 के तहत कुछ लोगों को चिन्हित करना जरूरी है, क्योंकि कुछ शरारती तत्व के लोग समाज के माहौल को बिगड़ने का प्रयास करते हैं। लेकिन यदि कुछ सामाजिक व्यक्तियों का नाम चला गया है तो हम उसे निरस्त करने का प्रयास करेंगे। बैठक समाप्ति के पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को थाना परिसर में गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी व शांतिपूर्ण होली मनाने का एक संदेश समाज को दिया। मौके पर थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, समाजसेवी कृष्ण सिंह, सिकरी मुखिया प्रभु महतो, गर्री मुखिया हित नारायण साव, बसंत नारायण सिंह, जय नारायण सिंह, अरुण कुमार, उप मुखिया सुनीता देवी, अजगैबुल मियां, शरीफ मियां, संतोष कुमार, जुगल किशोर महतो, रामचंद्र साव, पृथ्वीराज गुप्ता, तेतर साव, गर्री के पूर्व पंसस नारायण कुमार कुशवाहा सहित दर्जनों ग्रामीण व पुलिसकर्मी उपस्थित थे।



## मुखिया अनिकेत नायक ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उपयुक्त के समक्ष रखा

**बड़कागांव।**

हजारीबाग डीएमएफटी की बैठक समाहरणालय हजारीबाग में सम्मिलित होकर अपने पंचायत क्षेत्र से संबंधित विषयों को पुरजोर तरिके से सभा में रखा। जिसमे निम्नलिखित मुद्दे मुख्य रूप से हैः- पंचायत क्षेत्र के विस्थापित परिवार (ग्राम- चेपाकला, जुगरा, आराहारा) जहां बस रहे हैं वहां पर सभी तरह की सुविधा जैसै- शिक्षा ,बिजली, पानी ,सड़क उपलब्ध कराया जाए, चेपाकलां पंचायत खनन से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित है इसलिए पहली प्राथमिकता स्थानीय लोगों को मिले,चेपाकला के लुटुवा से लोसोदाग होकर पंदनवाटांड तक पथ निर्माण,प्राथमिक विद्यालय उपरटोला, चेपाकलां हेतु लुटुवा में नया पंचायत भवन निर्माण,उच्च विद्यालय जुगरा हेतू पंकवा में 100 बेड का आवासीय विद्यालय का निर्माण,आराहारा टी.पी-5 से दिनेश्वर महतो के घर तक सड़क निर्माण,हुदुवा सरना स्थल से लेकर खेल मैदान तक सड़क निर्माण कि मांग रखी।

डीएमएफटी अध्यक्ष सह हजारीबाग उपायुक्त के द्वारा सभी योजनाओं का क्रियान्वयन हेतु चयन करने का आश्वासन भी मिला। आगे मुखिया ने कहा कि पंचायत के विकास में हर संभव प्रयास किया जायेगा।



## बरही के चेचरो पार्क में पंडित नेहरू की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, अरुण साहू बोले- दोषियों को मिले कड़ी सजा

**प्रतिनिधि बरही।**

हजारीबाग जिला अंतर्गत बरही विधानसभा के चोचरो पार्क में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की प्रतिमा को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्रतिमा के सिर को तोड़कर अपमानजनक हरकत की गई, जिससे क्षेत्र के लोगों और कांग्रेस के कार्यकर्ता में बड़ा आक्रोश है। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर स्थिति का जायजा लिया और प्रशासन से जल्द से जल्द दोषियों की पहचान कर कड़ी सजा देने की मांग की। इस पूरी घटना को कांग्रेस नेता अरुण साहू ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और जिला उपायुक्त और स्थानीय प्रशासन को संज्ञान में देकर जाँच की माँग कर केंद्र और राज्य सरकार से पार्क का जीर्णोद्धार की माँग किया। अरुण साहू ने कहा कि ₹यह कृत्य केवल नेहरू जी के प्रति नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक और समावेशी विचारधारा पर हमला है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करवाएंगे।₹ कांग्रेस नेता अरुण साहू ने कहा कि सामंतवादी विचारधारा वाले लोग इस तरह का घटना का बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द नई प्रतिमा स्थापित की जाए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।इस मौके पर कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, कांग्रेस नेता संतोष रजवार, छोटी भुइयां, उमाकांत दास, नरेश कुमार, प्रकाश विश्वकर्मा, प्रकाश दास, करण ओझा, विक्की कुमार समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। इधर इस घटना की सूचना पर बरही थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।



- **पंडित नेहरू का बरही से था खास लगाव,तिलैया डैम उनका था ड्रीम प्रोजेक्ट**

हजारीबाग के बड़े क्षेत्र के लिए नेहरू का अमूल योगदान रहा है। भारत के सर्वाधिक क्षेत्र के दामोदर वैली कॉरपोरेशन का पहला डैम और चार मेगावाट के जल विद्युत उत्पादन संयंत्र इसी क्षेत्र में लगा। इसलिए टाइम परियोजना के लिए बरही अनुमंडल के 65 गांव की जमीन ली गई थी। तिलैया डैम का निर्माण 21 फरवरी, 1953 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के समय में हुआ था। डैम उनका ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल था और उन्होंने ही इसका शिलान्यास और उद्घाटन किया था।निर्माण के लंबे समय बाद तक तिलैया डैम और इसके पास स्थित चेचरो पार्क लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र था।

## सदर प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर, पंचायत समिति को योजनाओं से दूर रखने का आरोप

**हजारीबाग**

सदर प्रखंड में सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों को लेकर अनियमितताओं की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। सदर प्रखंड के उप प्रमुख रविकांत सिंह ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रखंड प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर पंचायत समिति और अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। मासिक और समीक्षा बैठकों की प्रक्रिया भी अधूरी रहती है, जिससे योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है। रविकांत सिंह ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा संचालित पशुधन योजना के लाभुकों के चयन में भी धांधली हो रही है। नियमानुसार ग्राम सभा आयोजित कर लाभुकों का चयन किया जाना चाहिए, जिसमें पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी हो। लेकिन, प्रखंड अधिकारियों द्वारा इस प्रक्रिया को दरकिनार कर अपनी मनमानी चलाई जा रही है। अंचल कार्यालय में भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए छात्रों और आम नागरिकों को कई बार चक्कर काटने पड़ते हैं। कार्य दिवस के दौरान अधिकारी अपनी ड्यूटी से गायब रहते हैं, जिससे जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रविकांत ने आरोप लगाया कि सदर प्रखंड में पंचायत समिति को योजनाओं से दूर रखा जाता है। प्रमुख प्रखंड के अध्यक्ष होते हुए भी प्रखंड विकास पदाधिकारी खुद को पूरे प्रखंड की मालिक मानकर मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अंचल कार्यालय में कई बार जांच की गई, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है। आम जनता अपने छोटे-छोटे कामों के लिए परेशान रहती है, जबकि प्रशासनिक उदासीनता बनी हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से मांग की कि प्रखंड और अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनप्रतिनिधि और जनता मिलकर बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



## सोना-सोबरन योजना के तहत मुखिया ने धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण

**प्रतिनिधि बरही।**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के मोहम्मद जहुर अंसारी के जनवितरण प्रणाली केंद्र पर सोनाझसोबरन योजना के तहत म मलकोको पंचायत मुखिया विजय यादव ने कार्डधारियों के बीच धोती, साड़ी, लुंगी का वितरण किया। इस दौरान मुखिया विजय यादव ने कहा कि झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथझसाथ अनुदानित दर पर सोनाझसोबरन योजना साड़ी, लुंगी,धोती योजना के तहत वस्त्र उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका लाभ कार्डधारियों को मिल रहा है। मात्र 10-10 रुपए में धोती, साड़ी व लूंगी प्रदान किया जा रहा।मौके पर मुकेश कुमार, किशोरी प्रसाद, मुनीलाल प्रसाद ,सहित अन्य लाभुक मौजूद थे



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद मनीष जायसवाल का 59वां जन्मदिवस मनाया।

**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी के बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी के नेतृत्व में बड़कागांव टैक्सी स्टैंड के पास स्थित सांसद मनीष जासयवाल के आवास पर बड़कागांव भाजपा कार्यकर्ताओं ने हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल का 59वां जन्मदिन के शुभ अवसर पर के काटकर श्री जायसवाल का जन्मदिन मनाया।



जिसमें उपस्थित कार्यकर्ता मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, महामंत्री नरसिंह प्रसाद, इंद्र भूषण, युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, मनीष पांडे, युवा मोर्चा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, सत्यजीत अलंकार उर्फ मंटू, अवध किशोर कुमार, डॉ बालेश्वर महतो एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय में महिला दिवस पर वर्कशॉप का हुआ आयोजन

**श्रमबिंदु ।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, अंचल अधिकारी नित्यानंद दास, बीपीओ ममता सिंह, जेएसएलपीएस प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, चेडरा मुखिया निर्मल कुमार एवं प्रधान लिपिक प्रवीण कुमार बक्शी के द्वारा संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया गया। महिला दिवस पर प्रखण्ड सह अंचल व जेएसएलपीएस की महिला कर्मियों ने प्रखण्ड मुख्यालय में नारीशक्ति की प्रतीकात्मक रंगोली बनाई। प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में चल रहे महिला वर्कशॉप में प्रखण्ड सह अंचल महिला कर्मी, मुखिया, जेएसएलपीएस, शिक्षा, चिकित्सा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मातृशक्तियों को बीडीओ अखिलेश कुमार एवं सीओ नित्यानंद दास ने प्रमाण पत्र देने के साथ-साथ पारितोषिक का वितरण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि आज महिला दिवस है, मैं बड़े-बड़े वादे नही करने आया हूँ। मेरा प्रखंड वासियों से एक विनम्र निवेदन है कि कन्या भ्रूण हत्या बंद करें। कन्या भ्रूण हत्या का प्रमुख कारण समाज है, इसे सही ठहराते हुए इस प्रकार के कुकृत्य किये जाते हैं। अधिकारी भी इसे तब रोक सकते जब इसमें आप-सभी की भागीदारी हो। अंचल अधिकारी नित्यानंद दास ने अपने संबोधन में बाबा साहेब आम्बेडकर के कथन को दोहराते हुए कहा कि किसी भी समाज कि प्रगति महिलाओं की तरक्की पर निर्भर करता है। महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में सशक्त बनाने से समाज का विकास होता है और जिस प्रकार महिलाएं जागरूक हो रही हैं यह अत्यंत सराहनीय है। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत सचिव प्रीति कुमारी, मुखिया लक्ष्मी कुमारी, मुखिया हेमंती देवी, रीता देवी, सुमन देवी, रीना बर्मन समेत सैंकड़ों महिलाएं इस कार्यक्रम में उपस्थित रही।



## निजी स्वार्थ के लिए जंगल में लगाए जा रहे आग से वन्यजीव एवं वनस्पति को क्षति

**श्रमबिंदु ।विष्णुगढ़।** वनों का संरक्षण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है क्योंकि, जंगल सुरक्षित है तभी पर्यावरण भी संतुलित रहेगा। हमेशा गर्मी के मौसम में वनों में आग लगाने का कार्य लंबे समय से किया जाता रहा है, जबकि लोग भली भांति जानते हैं कि जंगल में आग लगाना कानूनी अपराध है। हालांकि, जंगलों के संरक्षण के लिए विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न गांव में कई कड़े कदम उठाए गए हैं। इसके उपरांत भी कई ऐसे इलाके हैं जहां लोग इस संबंध में सजग होते नजर नहीं आ रहे हैं। इसी क्रम में विष्णुगढ़-गोमिया मुख्य मार्ग स्थित अर्जरी पुलिस पिकेट के समीप जंगल में आग लगाने का जोखिम भरा दृश्य शनिवार को देखने को मिला। तेज हवा की वजह से आग लगातार फैलती चली गई। संभवतः प्रत्येक वर्ष इस मौसम में महुआ चुनने के लिए मुख्य रूप से ऐसे कुकृत्य किए जाते हैं। बता दें कि विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र घने जंगलों से घिरा हुआ है। जंगल के पेड़ों के सूखे पत्ते वनस्पती के रूप में जमीन पर गिर जाते हैं और महुआ चुनने में परेशानी होती है। लेकिन समझने की आवश्यकता है कि अपने निजी स्वार्थ के लिए ऐसा करने से वनों को तो हानि होती ही है साथ ही जंगलों के बीच रह रहे जीव-जंतु भी मौत का शिकार होते हैं। इसपर वन विभाग एवं वन संरक्षकों द्वारा कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है वरना वन्यजीव एवं वनस्पति यूहीं नष्ट होते रहेंगे।



## शहीद तिलेश्वर साहू की 11वां पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**प्रतिनिधि बरही।**

बरही। 08 मार्च को शहीद तिलेश्वर साहू की 11वां पुण्यतिथि के अवसर पर उनके निवास स्थल बरही हाउस में स्वर्गीय साहू के पुत्र व बरही के कांग्रेस नेता अरुण साहू ने उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उनकी महान विरासत को नमन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, समर्थक और स्थानीय लोग के साथ परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके संघर्षों और बलिदान को याद किया। श्रद्धांजलि से पूर्व पूजा अर्चना की, जिसमें महिला नेत्री सह स्व तिलेश्वर साहू के पत्नी साबी देवी, भाई मेघनाथ साहू और सभी परिवार के सदस्य शामिल थे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान अरुण साहू जी ने कहा,₹मेरे पूज्य पिताजी शहीद तिलेश्वर साहू केवल मेरे पिता ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने बिना किसी पद के भी जनता की सेवा कर यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची राजनीति का अर्थ केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना होता है। उन्होंने अन्याय और शोषण के खिलाफ जो संघर्ष किया, वह सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा। उनका सपना एक सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण करना था। आज उनकी पुण्यतिथि पर मैं संकल्प लेता हूं कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करने और समाज की सेवा में स्वयं को समर्पित रखूंगा।₹ अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित कर कहा कि शहीद तिलेश्वर साहू ने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने बिना किसी पद या अधिकार के जनसेवा को अपना धर्म माना और हमेशा गरीबों, किसानों और युवाओं के अधिकारों के लिए लड़ते रहे। उनकी इसी निःस्वार्थ सेवा भावना और त्याग को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी शहीद तिलेश्वर साहू के संघर्षों, उनके योगदान और समाज के प्रति उनकी निष्ठा को याद किया और संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में शहीद तिलेश्वर साहू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में कांग्रेस बीस प्रभारी पिंकू सहाय, बीजेपी नेता अर्जुन साहू,कोडरमा कांग्रेस जिला अध्यक्ष भगीरथ पासवान,ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता,बरकट्ठा विस पूर्व प्रत्याशी कुमकुम देवी, अनुमंडल साहू समाज अध्यक्ष अमित साहू, चौपरान प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर साहू, बरही प्रखंड अध्यक्ष सुनील साहू ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, संतोष रजवार, संतोष कुशवाहा,चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, मुखिया सह मंडल अध्यक्ष हेलाल अख्तर, पदमा अध्यक्ष गौतम मेहता, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, कांग्रेस नेता संतोष रजवार, चंद्रभूषण साहू ,महेंद्र साहू, चेतलाल साहू,छोटी भुइयां, उमाकांत दास, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुरेश साव ,नरेश कुमार, अशोक सिंह, आशीष गुप्ता,रवि सिंह,प्रमोद सिंह,प्रकाश विश्वकर्मा, प्रकाश दास, करण ओझा, विक्की कुमार, लालेश साहू , वासुदेव साहू,गुड़िया देवी,मीना देवी,पार्वती देवी,कुंती देवी , बबलू साव,टिंकू साव,राधे सिंह समेत कई सैकड़ो लोग मौजूद थे

### अरुण साहू ने लिया जनसेवा का संकल्प



न्यूज़ अपडेट

## आरएसपी कॉलेज में विश्व महिला दिवस पर एक परिचर्चा का आयोजन



**श्रमबिंदु /धनबाद ।** **बलियापुर** , आर. एस. पी. कॉलेज, झरिया बेलगड़िया में विश्व महिला दिवस पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ रजनी बा-रा ने किया, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए इन्होंने कहा कि मानव एवं मानवता की मूल है महिलाएं. इस कार्यक्रम मे बीएड के प्रशिक्षु ज्योति कुमारी एवं जूही कुमारी, रोहित कुमार एवं आयशा ने अपने विचार रखें. कार्यक्रम मे डॉ शुभा आजमानी, डॉ भावना कुमारी, प्रो रमेश सरदार, डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ श्याम किशोर प्रसाद, डॉ अशोक कुमार चौबे, डॉ एतवा टुटी, डॉ रामचंद्र कुमार, विजय कुमार विश्वकर्मा समेत विभिन्न विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**श्रमबिंदु /धनबाद ।** आज शनिवार को दोपहर 12 से 5 बजे के बीच धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच और नेहरू बाल एकेडमी एवं बीबीएमएयू के बीच 2 रोड हादसा हुआ जिसमे छात्र छात्राएँ रोड क्रॉस कर रहे थे। जिसमे एक बच्चे जो नेहरू बाल एकेडमी के प्रीतम महतो उम्र-14 वर्ष का हालत गंभीर है और उसे तत्काल दुर्गापुर मिशन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया तथा दूसरा जो भूईफ़ोर का लड़का है वो धनबाद पब्लिक स्कूल का पूर्व छात्र सौरव था उसे निजी हॉस्पिटल और लड़की का पता नहीं चला कहा का था, वो दोनों को निजी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। वहीं गौतम कुमार मंडल संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष नए माँग की है कि यहाँ एक ओवर ब्रिज का निर्माण जल्द से जल्द किया जाये।

## लोदना में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाई गई धनबाद

**श्रमबिंदु धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खपड़ा धौड़ा लोदना में महिला दिवस मनाया गया , वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में सहजादी खातून थे महिला मोर्चा के सहजादी खातून ने कहा आज भी महिला सुरक्षित नहीं है घरेलू हिंसा तथा सड़क पर भी मनचलों का अक्सर शिकार हो रही है, महिलाए कोर्ट का चक्कर काटते रहते हैं आज भी महिला का कोई सुनवाई नहीं होता है आए दिन बलात्कार हत्या लूट का मामला अखबार में देखने को मिलता है प्रशासन और थाने में भी कोई सुनवाई नहीं होता है महिला दिवस पर झारखंड सरकार ने जो मैया सम्मान योजना का तोहफा दिया है महिला मोर्चा के शहजादी खातून ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा कल्पना सोरेन को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई दिया और वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रेखा कुमारी ने अध्यक्षता किया। मौके पर सुनीता कुमारी गिरिजा देवी रीता देवी रीना देवी ममता देवी मुरैना खातून मंजू देवी कोसर जहां फातिमा खातून माया देवी रीता देवी गीत देवी गिरिजा देवी , वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष शमीम शाह आदि शामिल थे ।



## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर कई लोगों को किया सम्मानित

**श्रमबिंदु /धनबाद ।** झारखंड समाज कल्याण समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर पखवारा सप्ताह के प्रथम दिन भारत के प्रथम चिकित्सक आनंदी बाई जोशी के स्मृति में धनबाद सदर अस्पताल के महिला चिकित्सक स्नेहा केशरी वरीय व एनम (नर्स )अंजना घटक,को समिति के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक उमा चरण रजवार ने आनंदी बाई जोशी नारी शक्ति सम्मान तथा भारत की प्रथम महिला आईएएस अधिकारी अन्ना राजम मल्होत्रा के स्मृति में धनबाद महिला थाना की थाना प्रभारी मीनू कुमारी को अन्ना राजम नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया इस अवसर पर सदर अस्पताल के सुप्रिडेंट राज कुमार व झासकस के वरीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता संजय कुमार तिवारी, महासचिव मौजूद थे । दूसरे चरण में 11 मार्च को धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर को सम्मानित किया जाएगा।




## प्रखंड कार्यालय के सभागार में महिला दिवस के अवसर पर बरहेट बीडीओ ने बेहतर काम करनेवाली जलसहिया को प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया।

**बरहरवा ।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्र-खंड कार्यालय परिसर के सभागार में जलसहिया की एक बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे की अध्यक्षता में की गई। बैठक को बोंड़बांध पंचायत की मुखिया सुनिति मरांडी बरहेट संथाली उत्तरी पंचायत की मुखिया सेलिना हांसदा के द्वारा संबोधित किया गया तथा महिलाओं को सशक्त करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के संबंध में कहा गया ,इसके साथ ही कहा गया की सरकार ने महिलाओं को सम्मान दिलाया जाने को लेकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की घोषणा की है वही इस अवसर पर जल सहिया द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे कार्य के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया गया. वहीं पेयजल की परख को लेकर जानकारी देते हुए बताया गया कि पेयजल की जांच द्वारा कैसे किया जाता है ,कौन सा पानी पीने योग्य है और कौन सा पानी पीने योग्य नहीं है। तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री पांडे ने मुखिया सुनीति मरांडी और सेलिना हांसदा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं दोनों मुखिया ने जलसहिया मंजू देवी, ममता देवी, सहित कई अन्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । इस मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता संजीव कुमार के अलावे दर्जनों जलसहिया मौजूद थे।



# एक अरब 51 करोड 70 लाख 36 हजार 833 रूपए की रिकवरी नेशनल लोक अदालत में

- **दुर्घटना में। पति की हुई थी मौत डालसा ने दिलाया एक करोड़ बयालीस लाख 60 हजार रुपए का मुआवजा,**
- **तीन लाख 41 हजार 440 विवादों का हुआ निपटारा**

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

नालसा के निर्देश पर वर्ष 25 के पहले नेशनल लोक अदालत मे एक अरब 51 करोड 70 लाख 36 हजार 833 रूपए की रिकवरी कर कुल तीन लाख 41 हजार ,440 विवादों का निपटारा कर दिया गया। वहीं दुर्घटना में

पति की मौत के बाद बेसहारा हुई सागर देवी को डालसा ने एक करोड 42लाख 60 हजार रूपए का मुआवजा का चेक मौके पर भुगतान कराया. चेक मिलने के बाद सागर देवी काफी भावुक हो गईं और कहा कि डालसा ने उन्हें एक नया जीवन दिया है इसके पूर्व नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को रांची झालसा से ऑनलाइन न्यायमूर्ती सुजित नारायण प्रसाद ने किया वहीं। धनबाद मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी , उपायुक्त सह डालसा के भाईस चेयरमैन माधवी मिश्रा ने किया ।इस मौके पर न्यायाधीश श्री तिवारी ने कहा कि नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है ,नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है।हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक , आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है । उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय ने कहा कि।




लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है ।इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है. साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि लोगों मे प्रेम ,शाति ,समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है! अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है ,

- **तीन लाख 41 हजार 440 विवादों का निपटारा**

श्रमबिंदु /धनबाद ।अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 14 बेंच का गठन किया गया था है जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा कर 3 लाख 41 हजार 440 विभिन्न तरह के विवादों का निपटारा कर दिया गया जिसमें 3 लाख 8 हजार 938 प्रिरलेटिगेशन मामले ,जबकी 32 हजार 502 विभिन्न तरह के लंबित मुकदमे निष्पादित किए गए.जिसमे

कुल एक अरब 51 करोड़ 70 लाख 36 हजार 833 रुपए की रिकवरी भी की गई। मौके पर ही मोटर यान दुर्घटना दावा से संबंधित एक मामले में सागरदेवी को 1करोड 42 लाख 60 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया सागर देवी के पति की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई थी वहीं 4 बच्चों को जिनके माता पिता नहीं थे उन्हें स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़कर उन्हें पढ़ाई लिखाई के लिए मिलने वाली चार हजार रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया.

उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया ।

- **मौजूद थे न्यायाधिश**

न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी, हसन, एस एन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी, रजनीकांतपाठक, कुलदीप,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, आरती माला ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी,

सिविल जज आइ ज़ेड खान ,अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पाण्डेय, रेलवे के न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार, ऋषि कुमार ,स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट आफिसर आरएन ठाकुर, स्टेट बैंक के रिजनल मैनेजर निर्मल कुमार, डिप्टी जीएम विकास रंजन पटनायक बैंक ऑफ़ इण्डिया पवन कुमार भारती डिप्टी जोनल हेड यूको बैंक , कंज्यूमर फोरम की सदस्या शिप्रा डालसा के पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के टीम, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## धनबाद आयुष फाउंडेशन द्वारा सर्वाइकल कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

आयुष फाउंडेशन धनबाद (AFD) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को मानस इंटरनेशनल स्कूल, हाउसिंग कॉलोनी, धनबाद में निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, समाजसेवी और गणमान्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में साधना अस्पताल की डॉ. साधना जी ने सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बीमारी समय पर जागरूकता और टीकाकरण से रोकी जा सकती है।

सेमिनार के दौरान आयुष फाउंडेशन धनबाद के प्रेसिडेंट गणेश शर्मा ने सर्वाइकल कैंसर से



जुड़ी महत्वपूर्ण आंकड़े प्रस्तुत किए, जिससे लोगों को इस बीमारी की गंभीरता का अंदाजा हुआ।

सचिव अर्पिता अग्रवाल* ने कैंसर से जुड़ी भावनात्मक और प्रेरणादायक कथा साझा की, जिससे उपस्थित लोग गहराई से जुड़ सके और इस विषय पर संवेदनशीलता बढ़ी।

कार्यक्रम में उपस्थित मानस इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल सीमा सिंहा ने इसे एक सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियान समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

डायरेक्टर राजेश कुमार ने बच्चों ओर पेरेंट्स को जागरूकता के साथ कदम बढ़ाने की बातों को कह कर सभी में हिम्मत डालें।

इस अवसर पर अध्यक्ष गणेश शर्मा, उपाध्यक्ष सुजाता रंजन ,सचिव अर्पिता अग्रवाल , उपसचिव कुमार प्रशांत ,संयोजिका राधा अग्रवाल , अर्पण फाउंडेशन से तापस चक्रवर्ती, मीता , सुमन आकांक्षा, ऋतु, रीता, रिया, रेखा शिक्षिका भी उपस्थित रही। सभी ने इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

सेमिनार के अंत में आयुष फाउंडेशन धनबाद की ओर से सभी प्रतिभागियों और अतिथियों को धन्यवाद दिया गया और भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## कोयला मंत्री ने बीसीसीएल की पहली महिला माइनिंग कर्मी को किया सम्मानित




**श्रमबिंदु /धनबाद ।** बीसीसीएल की पहली महिला माइनिंग महिला न्यू आकाशकिनारी कोलियरी की तृप्ति मौर्य को हैदराबाद में गत छह मार्च को सम्मानित किया गया. भारत के खनन मंत्रालय व तेलंगाना सरकार की और से आयोजित कार्यक्रम में तृप्ति को कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी व कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने सम्मानित किया. उसके बाद शनिवार को गोविंदपुर क्षेत्र में महाप्रबंधक कार्यालय में तृप्ति व शयाति देवी को जीएम जीसी साहा ने सम्मानित किया. संचालन क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी अवधेश कुमार के अन्य ने किया. तृप्ति ने बताया कि वह अहमदाबाद गुजरात से है. बीसीसीएल में वह पहली माइनिंग वूमेन है. समारोह में कोल इंडिया के साथ-साथ विदेशों की भी 35 महिलाओं को सम्मानित किया गया था. उन्होंने महिलाओं से कहा कि हमारे अंदर बहुत शक्ति है. बस उसे एक्सपोज करने की जरूरत है।

## धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया कार्यक्रम

**श्रमबिंदु /धनबाद ।**

08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ(बीएमएस) के बैनर तले पूर्व धोषित कार्यक्रम के तहत शनिवार को बीसीसीएल के समस्त क्षेत्रों में धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों/प्रभारियों अपने -अपने प्रभार क्षेत्र में क्षेत्रीय अध्यक्ष/सचिवों एवं बीएमएस के कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम किया गया जिसमें नारी शक्ति माताओं/बहनों को पुष्पगुच्छ, मिठाई, अँगबस्त्र देक र सम्मानित कर इनके मनोबल को बढ़ाया गया और संगठन की ओर से नारी सशक्तिकरण पर बल दिया गया, क्योंकि महिला समाज की आधार स्तंभ है महिलाओं के बिना समाज की परिकल्पना करना भी अधूरी है। आज महिला हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की हुई है । हर दिन महिला दिवस होनी चाहिए। बीएमएस आने वाले दिनों में महिला सशक्तिकरण हेतु बृहद पैमाने पर कार्यक्रम करेगा।वहीं बीसीसीएल के सीभी क्षेत्र में धनबाद कोलियरी




कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुरारी तांती, अखिल भारतीय खदान मज़दूर संघ के मंत्री के के सिंह, महामंत्री उमेश कुमार सिंह की विशेष उपस्थिती में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्रीय प्रभारी क्षेत्रीय/शाखा पदाधिकारियो की उपस्थिति हुई।अखिल भारतीय खदान मज़दूर संघ के मंत्री के के सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कई देशों में राष्ट्रीय अवकाश होता है। चीन में राज्य परिषद की सलाह के अनुसार, कई महिलाओं को आधे दिन की छुट्टी दी जाती है। दुनिया भर में हज़ारों कार्यक्रम होते हैं, जिनमें मार्च, वार्ता, संगीत कार्यक्रम, प्रदर्शनियां आदि शामिल हैं महिलाओं का उत्थान पुरुषों के पतन के बारे में नहीं है । लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में हर कोई भूमिका निभा सकता है। लैंगिक संतुलन केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं है, बल्कि एक आर्थिक मुद्दा भी है महिला दिवस का उद्देश्य केवल महिलाओं को सम्मान देना ही नहीं, बल्कि समाज में उनके अधिकारों को स्थापित करना और लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना भी है।

संघ के अध्यक्ष मुरारी तांती ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष, 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा चयनित राजनीतिक और मानव अधिकार विषयवस्तु के साथ महिलाओं के राजनीतिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए मनाया जाता हैं। कुछ लोग बैंगनी रंग के रिबन पहनकर इस दिन का जश्न मनाते हैं।

संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने कहा कि सबसे पहला दिवस, न्यूयॉर्क नगर में 1909 में एक समाजवादी राजनीतिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया था। 1917 में सोवियत संघ ने इस दिन को एक राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया, और यह आसपास के अन्य देशों में फैल गया। इसे अब कई पूर्वी देशों में भी मनाया जाता है।प्रसिद्ध जर्मन एक्टिविस्ट क्लारा ज़ेटकिन के जोरदार प्रयासों के बदौलत इंटरनेशनल सोशलिस्ट कांग्रेस ने साल 1910 में महिला दिवस के अंतर्राष्ट्रीय स्वकरूप और इस दिन पब्लिक हॉलीडे को सहमति दी। इसके फलस्वसरूप 19 मार्च, 1911 को पहला आईडब्ल्यूडी ऑस्ट्रिया, डेनमार्क और जर्मनी में आयोजित किया गया। हालांकि महिला दिवस की तारीख को साल 1921 में बदलकर 8 मार्च कर दिया गया। तब से महिला दिवस पूरी दुनिया में 8 मार्च को ही मनाया जाता है।

## महिलाओं को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर उनके अधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत:-उदय प्रताप सिंह



**श्रमबिंदु /धनबाद ।** महिला दिवस के उपलक्ष्य पर नारी सशक्तिकरण पर बल देते हुए सभी महिलाओं कों समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने बधाई दिया और कहा कि आज महिला किसी से कम नहीं हैं समस्त क्षेत्रों में महिलाओं की सशक्त भागीदारी बढ़ती जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि महिला समाज की आधार स्तंभ है महिलाओं के बिना समाज की परिकल्पना करना भी अधूरी है कहा कि महिला दिवस का उद्देश्य केवल महिलाओं को सम्मान देना ही नहीं बल्कि समाज में उनके अधिकारों को स्थापित करना और लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना भी है। ग्रामीण एवं गृहिणी महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति और जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी होकर उत्कृष्ट कार्य कर रही है और राज्य और देश का नाम पूरे विश्व में रोशन कर रही है। और हम विकासशील देश से विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं।

## युवक ने धनबाद में अपनी मां और मौसी की हत्या की



श्रमबिंदु /धनबाद में दिलीप महतो नाम के युवक ने अपनी मां और मौसी की ईंट मार कर हत्या कर दी। मामला बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कुलबेड़ा पंचायत के हड़ियाडीह गांव का है। बताया जा रहा है कि दिलीप महतो मानसिक रूप से बीमार है। हमले में तीन लोग घायल हुए थे। जिसमें मां अलकाही देवी, मौसी सुगा देवी और बेटी खुशी शामिल हैं। खुशी को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया। इलाज के दौरान मां-मौसी की मौत हो गई। वहीं खुशी को ग्रामीण उसे अपने साथ ले गए। पुलिस ने दिलीप को गिरफ्तार कर लिया है।




स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com